नव प्रदेश

www.navpradesh.com

रायपुर, शुक्रवार 2 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-143 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना के कहर से हमारा देश भी प्रभावित हुआ लेकिन इस चुनौती से निपटने में भारत ने जो तत्परता दिखाई है वह वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हमे भारतीय वैज्ञानिकों, चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मचारियों सहित उन सभी कोरोना योद्धाओं पर गर्व करना चाहिए जिन्होने आपदा की इस घड़ी में कोरोना को ज्यादा कोहराम मचाने का अवसर नहीं दिया। रिकार्ड समय में भारत ने कोरोना की बेहतरीन वैक्सीन बना ली। भारत में बनी कोवैक्सीन को अमेरिका की टॉप हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट ने बेहद असरकारक बताया है। दुनिया देखेगी कि कोरोना के खिलाफ जंग जीतने में सबसे आगे होंगे हम हिन्दुस्तानी।

मौसम विभाग के मुताबिक इस महीने देशभर में होगी सामान्य बारिश

- जुलाई में सामान्य मॉनसूनी बारिश का अनुमान, लेकिन दिल्ली समेत उत्तर भारत में 2 दिन और सताएगी लू
- पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, नॉर्थ राजस्थान में अगले दो दिनों तक लू की परिस्थितियां

नई दिल्ली/ए.। जुलाई में मॉनसून को लेकर अच्छी खबर है। इंडियन मीटीअरलॉजिकल डिपार्टमेंट ने जुलाई महीने में सामान्य मॉनसूनी बारिश की भविष्यवाणी की है। हालांकि, पहले हफ्ते में अच्छी बारिश होने की उम्मीद नहीं है। इसके अलावा दिल्ली समेत उत्तर भारत को अगले दो दिनों तक भीषण लू से राहत की उम्मीद नहीं है। आईएमडी के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों में 'लू' की परिस्थितियां बनी रहने की संभावना है।

जुलाई में 94 से 106 प्रतिशत बारिश का अनुमान

जुलाई में मॉनसून की भविष्यवाणी में आईएमडी के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि पहले हफ्ते में अच्छी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी...अगले दो दिनों तक लू से राहत नहीं

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों में 'लू' की परिस्थितियां बनी रहने की संभावना है। इस तरह, इन स्थानों पर चिलचिलाती गर्मी से अभी कोई राहत नहीं मिलने वाली है। विभाग ने कहा कि लू और भीषण लू की परिस्थितियां बुधवार को जम्मू कश्मीर में छिटपुट स्थानों पर दर्ज की गईं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तर पश्चिम राजस्थान और उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर लू की परिस्थितियां दर्ज की गईं। साथ ही, क्षेत्र में छिटपुट स्थानों पर भीषण लू की परिस्थितियां भी दर्ज की गईं। विभाग ने कहा कि उत्तर पूर्व राजस्थान में भी छिटपुट स्थानों पर भीषण लू चली।

पछुआ हवाओं की वजह से लू

इसने कहा, 'पाकिस्तान से उत्तर पश्चिम भारत की ओर वायुमंडल के निचले हिस्से में संभावित शुष्क पछुआ/दक्षिण पछुआ हवाओं के कारण से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ और दिल्ली, उत्तर राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश में अगले दो दिनों के दौरान लू की परिस्थितयां बनी रहने की संभावना है।'

खास-खबर

कोरोना की रिकवरी दर बढ़कर 96.97 फीसदी

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) के घटते मामलों के बीच पिछले 24 घंटों के दौरान संक्रमण के 48,786 नये मामले सामने आये और स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या अधिक रहने से रिकवरी दर बढ़कर 96.97 फीसदी हो गई है। इस बीच बुधवार को 27 लाख 60 हजार 345 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 33 करोड़ 57 लाख 16 हजार 019 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 48,786 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ चार लाख 11 हजार 634 हो गया है। इस दौरान 61 हजार 588 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर दो करोड़ 94 लाख 88 हजार 918 हो गयी है। सक्रिय मामले 13,807 कम होकर पांच लाख 23 हजार 257 रह गये हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया पशुओं के अभियान का वर्चुअल शुभारंभ

पशुओं को गौठानों तक पहुंचाने रोका-छेका अभियान शुरू

गौठानों के प्रबंधन के लिए 24.41 करोड़ रूपए की सहायता देने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खरीफ फसल को खुले पशुओं द्वारा चराई से बचने के लिए रोका-छेका अभियान का शुभारंभ किया। शुभारम्भ अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गांवों में बैठक कर रोका-छेका अभियान के लिए चरवाहों को पशुओं को एक जगह रोकने और उन्हें गौठान मे एकत्र करने की जिम्मेदारी दी जाए। सभी गांवों में एक साथ रोका-छेका किया जाए, जिससे फसलों को नुकसान नहीं हो।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि फसलों को खुले में चरने वाले पशुओं से बचाने के लिए छत्तीसगढ़ के लिए रोका-छेका अभियान बहुत महत्वपूर्ण हैं। आज से पूरे प्रदेश में एक साथ रोका-छेका अभियान का संचालन कर पशुपालक अपने पशुओं को खुले में चराई के लिए छोड़ने के बजाय उन्हें गौठानों में भेजें, जहां चारे-पानी का प्रबंध किया गया है।इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ एम.गीता, कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ एस.भारतीदासन, संचालक यशवंत कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में अच्छी बारिश हुई है, फसलों की बुआई और थरहा लगाने का काम तेजी से शुरू हो गया है। पिछले वर्ष रोका-छेका अभियान के अच्छे परिणाम सामने आए। इस उपलब्धि में राज्य शासन की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित किसान हितैषी योजनाओं के साथ-साथ रोका-छेका अभियान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ग्रामीणों से चर्चा के दौरान की कई घोषणाएं

बलौदाबाजार जिले के केशली गांव के गौठान, रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड के अमलीडीह गौठान, कांकेर जिले के भावगीर नवागांव गौठान और दुर्ग जिले के रिसामा गौठान में उपस्थित गौठान समिति के प्रतिनिधियों, सरपंचों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और ग्रामीणों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर गौठानों की गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने आदर्श ग्राम पंचायत रिसामा की सरपंच के आग्रह पर रिसामा में मेन रोड तथा गलियों में सोलर पावर प्लांट, स्ट्रीट लाइट, तीन चौक चौराहों में हाई मास्ट सोलर संयंत्र की स्थापना तथा दैहान परिसर में 5 मीट्रिक टन क्षमता के सोलर कोल्ड स्टोरेज संयंत्र की स्थापना के लिए कुल एक करोड़ 61 लाख 93 हजार 705 रूपए की स्वीकृति की घोषणा की। पशुओं को गौठानों में रखने से खेतों की फसलों को बचाने के लिए घेरा करने में होने वाले खर्च की बचत होगी। उन्होंने गौठानों में नस्ल सुधार का कार्यक्रम भी चलाने के लिए कहा।

गौठानों को सरकार देगी सहायता राशि

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गौठानों के प्रबंधन के लिए राज्य सरकार वित्तीय संसाधन उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में गौठानों को 24 करोड़ 41 लाख 50 हजार रूपए की सहायता देने की घोषणा की। इस राशि में से मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 5820 सक्रिय गौठानों के संधारण के लिए 40 हजार रूपए प्रति गौठान के मान से कुल 23 करोड़ 28 लाख रूपए की सहायता देने तथा प्रदेश के 1135 स्वावलंबी गौठानों को 10 हजार रूपए प्रति गौठान के मान से एक करोड़ 13 लाख 50 हजार रूपए की राशि देने की घोषणा की। प्रदेश के स्वावलंबी गौठान वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट के उत्पादन तथा अन्य आर्थिक गतिविधियों से होने वाली आय से स्वयं गोबर खरीदकर वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन स्व सहायता समूहों के माध्यम से कर रहे हैं।

योग पर वैज्ञानिक अध्ययन को आगे बढ़ाये आईएमए : पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय चिकित्सा परिषद (आईएमए) का आह्वान किया कि वह योग पर साक्ष्य आधारित वैज्ञानिक अध्ययन को आगे बढ़ाये और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रों में प्रकाशित कराये ताकि विश्व भर में आने वाली पीढ़ी को उसका लाभ मिले। श्री मोदी ने विश्व डॉक्टर्स डे के मौके पर अपने संदेश में कहा, ÷जब डॉक्टर योग का अध्ययन करते हैं तो सारी दुनिया इसे अधिक गंभीरता से लेती है। क्या भारतीय चिकित्सा परिषद इस अध्ययन को मिशन मॉड में आगे बढ़ा सकती है? क्या साक्ष्य आधारित अध्ययन को वैज्ञानिक ढंग से आगे बढ़ाया जा सकता है? क्या योग पर अध्ययन अंतरराष्ट्रीय पत्रों में प्रकाशित कराये जा सकते हैं? उन्होंने कहा, ये समय यह भी सुनिश्चित करने का है कि आपके काम का, आपके वैज्ञानिक अध्ययनों का दुनिया संज्ञान ले और आने वाली पीढ़ी को उसका लाभ भी मिले। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड की महामारी के काल में जिस प्रकार से हमारे डॉक्टरों ने देश की सेवा है जो प्रेरणास्पद है।

डिजिटल इंडिया से हो रही समय, श्रम और धन की बचत: मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों को सीधे उनके बैंक खातों में वित्तीय मदद पहुँचाने, संक्रमण रोकने और सुचारू टीकाकरण के लिए डिजिटल समाधानों की तारीफ करते हुये आज कहा कि डिजिटल इंडिया से समय, श्रम और धन की बचत हो रही है। डिजिटल इंडिया के छह साल पूरे होने के अवसर पर इसके लाभार्थियों से संवाद के दौरान श्री मोदी ने कहा फ्रकोरोना काल में डिजिटल इंडिया अभियान देश के कितना काम आया है, यह हम सभी ने देखा है। जिस समय बड़े-बड़े समृद्ध देश लॉकडाउन के कारण अपने नागरिकों को सहायता राशि नहीं भेज पा रहे थे, भारत हजारों करोड़ रुपये, सीधे लोगों के बैंक खातों में भेज रहा था। कोरोना काल में जो डिजिटल समधान भारत ने तैयार किए हैं उनकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है।

कोविशील्ड लगाने वाले भारतीय कर सकते है 9 यूरोपीय देशों की यात्रा

ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्लोवेनिया, ग्रीस, आइसलैंड, आयरलैंड, स्पेन, एस्टोनिया, स्विटजरलैंड की मंजूरी

नई दिल्ली/ए.। यूरोप के 9 देशों ने ऐसे लोगों को अपने यहां यात्रा करने की इजाजत दी है जिन्होंने कोरोना से बचाव के लिए कोविशील्ड वैक्सीन लगवाई है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्लोवेनिया, यूनान, आइसलैंड, आयरलैंड और स्पेन ने कोविशील्ड टीका लगवाने वाले लोगों को अपने यहां की यात्रा करने की मंजूरी दी है। सूत्रों ने बताया कि स्विट्जरलैंड ने भी कोविशील्ड को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि एस्टोनिया ने भी पुष्टि की है कि वह भारतीयों के यहां की यात्रा पर आने के लिए भारत सरकार की तरफ से अधिकृत सभी टीकों को मान्यता देगा। इससे पहले भारत ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों से कहा था कि कोविशील्ड और कोवैक्सीन के टीके लगवा चुके भारतीयों को यूरोप की यात्रा करने की अनुमति देने पर वे अलग-अलग विचार करें। यूरोपीय संघ की डिजिटल कोविड प्रमाणपत्र रूपरेखा 'ग्रीन पास' बृहस्पतिवार से प्रभाव में आएगी जिसके तहत कोविड-19 महामारी के दौरान स्वतंत्र आवाजाही की अनुमति होगी।

एसीबी के चीफ रहे जीपी सिंग के 15 ठिकानों पर छापा

- जीपी सिंग का ओडिशा से भी है कनेक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सोमवार सुबह एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाही करते हुए पूर्व मुखिया रहे जीपी सिंग के करीब 13 से अधिक ठिकानों पर छापा मार कार्रवाई की है। सूत्र बताते हैं कि जीपी सिंग के खिलाफभ्रष्टाचार की शिकायतें सरकार तक लगातार पहुंच रही थी। आय से अधिक संपत्ति की शिकायतों पर खोज बीन की जा रही थी। अब जब प्रारंभिक साक्ष्य पुख्ता हो गया उसके बाद ही उनके ठफ्कानों पर एक साथ दबिश दी गई। वर्तमान में जी.पी.सिंग पुलिस अकेडमी में डायरेक्टर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर कार्रवाई

एसीबी निदेशक आरिफशेख ने कहा कि जी.पी सिंग पर आय से अधिक संपत्ति की शिकायत कई दिनों से थी। आज सुबह से एक साथ प्रदेश में करीब 13 ठिकानों के अलावा दीगर राज्यों के ठिकानों पर भी जांच चल रही है। शुरुआती जांच जारी है, जिसमे भ्रष्टाचार रोधी कानून के तहत एफआईआर दर्ज कर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा की अनुपातहीन सम्पत्ति को लेकर जांच के बाद ही कुछ तथ्य सामने आ पाएंगे।

प्रदेश के 13 ठिकानो के साथ ओडिशा में भी तार

प्रदेश में ऐसा पहली बार हो रहा है कि एसीबी के द्वारा किसी आईपीएस अफसर के खिलाफ इतनी बड़ी कार्रवाई हो रही है। एसीबी की 13 से ज्यादा टीमों ने प्रदेश के अलग-अलग 13 स्थानों पर एक साथ छापा मारा है। इसके अलवावा ओडिशा के बड़बिल में भी दबिश दी गई। बड़बिल केन्दुझर ज़िले के अंतर्गत एक शहर है। जहां एक माईनस में सींग के द्वारा इन्वेस्ट किये जाने के सूत्र मिले हैं। एसीबी की जांच में जीपी सिंग का कंप्यूटर सिस्टम को जप्त किया गया है। जिसमे माना जा रहा है कि फोन रिकॉर्डिंग का कुछ डिटेल मिल सकता है। जपत सिस्टम को सींग के कंप्यूटर आपरेटर मनी भूषण ऑपरेट किया करते थे। इसके साथ ही कुछ इलेक्ट्रानिक सिस्टम भी बरामद किया गया है। राजधानी के वीआईपी रोड के शगुन फार्म हाउस के अलावा जीपी सिंग के रिश्तेदार प्रीतपाल सिंग के घर पर भी छापा मारा गया है। साथ ही जी.पी.सिंग के अधीनस्थ अधिकारी और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

विवादों से घिरे रहे जीपी सिंह

आईपीएम जी.पी.सिंग साल 2019 में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के चीफ थे। उन्हें भूपेश सरकार ने एक साल पहले वहां से हटाकर पुलिस अकेडमी भेज दिया था। इससे पहले आईपीएस जी.पी. सिंग रायपुर, बिलासपुर में आईजी भी रह चुके हैं। एसपी बनने के साथ ही जी.पी. सिंग के साथ विवाद भी जुड़ना शुरू हो गया था। बस्तर स्वक रहने के दौरान जी.पी. सिंग करीब 100 ग्रामीणों को रायपुर लेकर आए थे। बताया जाता है कि गैलेंट्री पाने की लालच में लाए गए ग्रामीण यहां पहुंचे तो पता चला कि वह नक्सली नहीं बल्कि सामान्य आदिवासी हैं।

सांसद को मिली बड़ी राहत

रांची (वार्ता)। झारखंड उच्च न्यायालय ने फर्जी डिग्री मामले में गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दूबे को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक की अवधि को अगली सुनवाई तक विस्तार देते हुए पुलिस को उन्हें बेवजह परेशान नहीं करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.के द्विवेदी की अदालत में गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले में निशिकांत दूबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक की अवधि को अगली सुनवाई तक विस्तार देते हुए पुलिस को यह निर्देश दिया कि प्रार्थी को पुलिस बेवजह परेशान न करें।

अनुरोध

ममता दीदी पर बढ़ सकती है और मुश्किलें

बंगाल में राष्ट्रपति शासन, याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है जिसमें केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल में दो मई से चुनाव के बाद बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मद्देनजर राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

याचिका में केंद्र को राज्य में हालात सामान्य बनाने में प्रशासनिक अधिकारियों की मदद और किसी गड़बड़ी से उनकी रक्षा के लिए सशस्त्र, अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती के लिए निर्देश देने का भी आग्रह किया गया है।



याचिका हिंदुओं पर अत्याचार की बात

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के जरिए दाखिल याचिका में कहा गया है कि असाधारण परिस्थितियों में जनहित याचिका दाखिल की गयी है क्योंकि पश्चिम बंगाल के हजारों नागरिकों को विधानसभा चुनाव के दौरान विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करने के लिए टीएमसी के कार्यकर्ता उन्हें धमका रहे, प्रताड़ित कर रहे। याचिका के अनुसार, 'याचिकाकर्ता पश्चिम बंगाल के उन हजारों नागरिकों के हितों की वकालत कर रहे हैं जो ज्यादातर हिंदू हैं और भाजपा का समर्थन करने के लिए मुसलमानों द्वारा उन्हें निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वे हिंदुओं को कुचलना चाहते हैं ताकि आने वाले वर्षों में सत्ता उनकी पसंद की पार्टी के पास बनी रहे।'

कोर्ट ने केंद्र, राज्य और ईसी को भेजा नोटिस

न्यायमूर्ति विनीत सरन और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने याचिका पर केंद्र, पश्चिम बंगाल और निवार्चन आयोग को नोटिस जारी किए। इस याचिका में राज्य में चुनाव के बाद हिंसा के पीड़ितों और उनके परिवार के सदस्यों को हुए नुकसान का पता लगाकर उन्हें मुआवजा देने के लिए निर्देश देने की भी गुहार लगाई गई है। पीठ ने कहा, 'हम प्रतिवादी नंबर एक (भारत सरकार), प्रतिवादी नंबर-दो (पश्चिम बंगाल सरकार) और प्रतिवादी नंबर तीन (निर्वाचन आयोग) को नोटिस जारी कर रहे हैं।' हालांकि पीठ ने प्रतिवादी नंबर-चार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पार्टी अध्यक्ष के तौर पर ममता बनर्जी को नोटिस जारी नहीं किया।

2 मई के बाद से ही अराजकता फैली- याचिका

याचिका में कहा गया, 'भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाली बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए अनुच्छेद 355 और अनुच्छेद 356 द्वारा प्रदत्त अपनी शक्ति का प्रयोग करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश दिया जाए।'

सरकार ने रसोई गैस के दाम बढ़ाकर तोड़ दी जनता की कमर: कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार लगातार जनता की कमर तोड़ने वाले फैसले ले रही है और उसे असंवेदनशील कदम उठाने की बजाय दाम घटाकर लोगों को राहत देनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने सिलेंडर के दाम घटाने के बजाय 25 रुपए बढ़ाकर घाव पर नमक छिड़कने का काम किया है। उनका कहना है कि जनता इस समय महामारी से पीड़ित है और ऐसी स्थिति में रसोई गैस के दाम बढ़ाना सरकार की असंवेदनशीलता है। उन्होंने कहा कि देश इस समय महामारी के साथ ही बहुत बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा है ऐसी स्थिति में सिलेंडर के दाम बढ़ाना जनता पर जबरदस्त प्रहार करना है। उन्होंने कहा कि इस समय बेरोजगारी चरम पर है, लोगों के पास रोजगार नहीं है जिससे खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। इस समय सरकार का रसोई गैस के दाम इस कदर बढ़ाना जनता के प्रति उदासीन रवैये का प्रतीक है। प्रवक्ता ने कहा कि मार्च में रसोई गैस 587 डॉलर टन पर थी और हमारी सरकार ने रसोई गैस का सिलेंडर 804 रुपए कर दिया था।

न्यूज गैलरी

भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ शिवकुमार तमेर की सहमति से किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें उपाध्यक्ष माधव देशमुख, दिलीप वर्मा, बिरेंद्र सोनी, महामंत्री अजीत चंद्राकर, दिलीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, मंत्री निरमेश मिश्रा, राजेश गजपाल, रमेश देशमुख, प्रचारमंत्री अभिषेक कश्यप, सहप्रचार मंत्री सत्येंद्र राजपूत, कार्यालय प्रभारी आनंद गौतम, कार्यकारिणी सदस्य होरीलाल देवांगन, भोपाल सुपंथक, महेंद्र दिल्लीवार, गवेंद्र देवांगन, हरिवंश कुमार साव, अश्वनी साहू, पुरेंद्र देशमुख, जयप्रकाश भारदीय, खिलावन चंद्राकर, अश्वनी है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी केएस चौहान ने दी।

सहायक राजस्व निरीक्षण बंछोर सेवानिवृत्त

भिलाई-03। निगम भिलाई.चरोदा द्वारा वरिष्ठ कर्मचारियों की 62 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के बाद सभाकक्ष में विदाई दी गई। सहायक लेखाधिकारी राजकुमार देवांगन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला ने रोमनारायण बंछोर को साल श्रीफल देकर सम्मानित किए गए।

बंजर जमीन पर गौठान बनने से आई खुशहाली

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रोका.छेका के शुभारंभ के अवसर पर दुर्ग ब्लाक के ग्राम रिसामा के जनप्रतिनिधियों तथा स्व.सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि रोका.छेका जैसी परंपरा फसल बचाव के लिए बहुत अच्छी परंपरा थी। हमने जो नरूवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना आरंभ की है इसके माध्यम से और रोका.छेका जैसी परंपरा के माध्यम से खरीफ फसल को बचाने में और रबी फसल ले पाने में सहयोग मिलेगा। बाड़ी योजना के माध्यम से नैपियर घास मिलेगी और गौठान में पशुओं के लिए आश्रयए इस तरह से रोका.छेका सफल होगा और फसल भी बचेगी। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी रिसामा की महिलाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अपने गौठान में ये महिलाएं इतने जतन से कार्य कर रही हैं जिसका जमीनी असर दिख रहा है। इस मौके पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने स्व.सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गए उत्पादों का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक ने उन्हें विस्तार से गौठान की गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष शालिनी यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख भी उपस्थित थे।

सोलर पैनल की दी सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रिसामा को सोलर पावर प्लांट की सौगात भी दी। इससे गलियों की लाइट के साथ ही चैक भी हाईमास्ट लाइट से रौशन होंगे। इसकी लागत 1.61 करोड़ होगी।

रोका छेका संकल्प अभियान शुरु

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार को नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 12 के ग्राम परसदा के गौठान में पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर एवं मुख्य नगरपालिक अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा के द्वारा रोका.छेका संकल्प अभियान का शुभारम्भ किया गया एवं पशु पालकों को निकाय क्षेत्र में आवारा पशुमुक्त साफ सुथरा एवं स्वच्क्ष रखने के साथ साथ दुर्घटनामुक्त वातावरण हेतु अपने मवेशियों को खुले में न घूमने देने की अपील की गई। साथ ही पशु पालकों से इस हेतु संकल्प पत्र भी भरवाया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान पार्षद सती यादव एवं पार्षद यूजेन्द्र साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि नपा के कर्मचारी अधिकारी एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

सायकल से भ्रमण कर वार्ड 3 व 4 के नागरिकों से की मुलाकात

सफाई व मूलभूत सुविधाओं का जायजा ले रहे है महापौर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने आज वार्ड 3 और 4 नया तालाब होते हुए मठपारा, सारथीपारा, गयानगर, वार्ड 4 प्रधानमंत्री आवास गली राजीव नगर, मुक्तिधाम, प्रतिमा चौक, पुसाई डबरी समेत वार्ड के स्लम बस्ती की समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर कहा बारिश का मौसम है वार्ड के सड़कों पर सड़क किनारे पानी का भराव ना हो उसका निराकरण तत्काल करें। भ्रमण के दौरान एमआईसी दीपक साहू, पार्षद नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता आसमा डहरिया, उपअभियंता मोहित गुप्ता, कुलेश्वर साहू, राजकुमार पाली, पप्पू श्रीवास्तव, स्वच्छता निरीक्षक मेनसिंग मडावी, सुरेश भारती, मायूब अली, संजीव धनकर, एनी पीटर, दुष्यंत देवांगन, राजकुमार साहू, आनंदकपूर ताम्रकार और नागरिक उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान महापौर ने पुसाई डबरी में अवैध कब्जा को रोकने के लिए उस जगह को साफ सफाई करवाकर संरक्षित रखे वहाँ चारों ओर फाइलिंग कराए। नया वार्ड होने के कारण जनसंख्या और क्षेत्र बड़ा हो गया है कुछ . कुछ जगहों पर सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है लोगो ने महापौर बाकलीवाल से शिकायत कर मांग की है वार्ड में सफाई अच्छी हो सकें इसके लिए सफाई कर्मी बढ़ाने की आवश्यकता है।

30 गिरफ्तार

भिलाई। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के छग प्रदेश अध्यक्ष अशोक पंडा ने स्टील प्लांट के मजदूर संगठन आज हड़ताल पर थे। शांति पूर्ण ढ़ग से प्लांट के बाहर धरना दे रहे थे। शाम को जब उनके नेता जिनमे एचएस मिश्रा और कुछ अन्य मजदूर नेता शामिल थे तो पुलिस ने उन पर भीषण लाठीचार्ज किया। कई लोगों को चोटें आई तथा लगभग 30 लोगों को गिरफ्तार किया। शांतिपूर्ण और निहत्थे अहिन्सक लोगों पर लाठी चार्ज घोर निंदनीय है और सत्ता की बौखलाहट निरंकुश तानाशाही का द्योतक है। पार्टी मांग करती है कि लाठीचार्ज के दोषी अधिकारी और पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो।

अब कोई नहीं होगा बेघर : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वार्ड 34 सरस्वती नगर में जैसे जैसे मोर मकान मोर चिन्हारी योजना मूर्त रूप ले रही है निगम प्रशासन द्वारा स्लम बस्तियों का सर्वे कर नोटिस देने की कार्यवाही की जा रही है जिससे बघेरा एवं कण्डरा पारा के पट्टा धारी परिवारों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। अपना आशियाना टूटने एवं नई जगह पर शिफ्ट किए जाने के भय से घबराए हुए बस्ती वासी सैकड़ों की संख्या में विधायक अरुण वोरा के घर पहुंचे एवं अपना घर बचाने की गुहार लगाई। वोरा ने बस्ती वासियों की बात सुनने के बाद निगम अधिकारियों से चर्चा कर कहा कि प्रदेश में गरीबों को पक्का मकान देने के लिए मोर जमीन मोर मकान एवं मोर मकान मोर चिन्हारी दो तरह की योजनाएं शुरू की हैं। जहाँ पट्टा धारी लोगों को उन्हीं की जमीन पर मकान बनाने अनुदान दिया जाता है वहीं पट्टा विहीन निवासियों को मोर मकान मोर चिन्हारी के अंतर्गत फ्लैट सिस्टम से बनाए गए सर्वसुविधायुक्त मकान दिए जाते हैं। मकान आबंटन जनभावनाओं के अनुरूप होना चाहिए 40.50 वर्षों से निवासरत बघेरा निवासी अपने निवास का स्थान नहीं छोड़ना चाहते वहीं वार्ड क्रमांक 34.35 के लोग आवास योजना में प्राथमिकता चाहते हैं।

निगम क्षेत्र के खुर्सीपार में गंदे पानी की सप्लाई

श्रीराम जन्मोत्सव ने की जोन आयुक्त से शिकायत

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर निगम क्षेत्र के जोन 4 खुर्सीपार में गत कुछ दिनों से घरों में गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिससे लोगों में बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों को लेकर भय का माहौल बना हुआ है। इस विषय को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालय में शिकायत की जा चुकी है। बावजूद इसके अभी तक निगम प्रशासन द्वारा किसी प्रकार के ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं। इसी कड़ी में आज श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा निगम की लापरवाही के प्रति आक्रोश जताते हुए जोन 4 कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समिति की महिला सदस्यों सहित खुर्सीपारवासियों ने जोन आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की। समिति सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कुछ दिनों से जोन .4 के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है। लोगों में अब कोरोना महामारी को लेकर भय का माहौल बना हुआ है। ऐसे में घरों में गंदे पेयजल की आपूर्ति के चलते लोगों को दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का भय सताने लगा है। उन्होंने कहा कि पानी जैसे संवेदनशील मामले को लेकर निगम प्रशासन बिल्कुल भी गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है। जिसके चलते लोगों में आक्रोश है और इसी को लेकर आज सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जोन कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान सभी सदस्यों ने जोन आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की। इस दौरान जयशंकर चौधरी, श्यामसुंदर राव, जोगिंदर शर्मा, रूपेश वर्मा, प्रहलाद शर्मा, केएल श्रीवास्तव, बंटी पाण्डेय, प्रकाश यादव, मेवालाल यादव, सत्यम व्यास, जे. श्रीनिवास राव, संदीप शर्मा, सूरजभान, निखिल ताठे, शंकर केडिया, नील मानिकपुरी, अजीत सिंह, प्रशांत तिवारी सहित खुर्सीपारवासी उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 20210610040053 7

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती लेखनी पति सुशील कुमार निवासी पतोरा तह. पाटन व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 973/61 रकबा 0.030 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय मार्ग प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202103100700077

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरालाल यदु वगै. पिता स्व. डेरहाराम यदु निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 827/12 रकबा 0.013 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का सभी खातेदारों के मध्य रजिस्टर्ड बटवारानामा दिनांक 22.12.2020 को किया गया है। उक्त रजिस्टर्ड बटवारानामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सोहद्रा पति स्व. बंशीलाल यादव निवासी ग्राम बैजनाथ पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 94/4 रकबा 0.057 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता राजकुमारी पति स्व. बंशीलाल यादव निवासी ग्राम गोढ़ी से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 25.06.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202103100076

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन यादव पिता स्व. कन्हैयालाल यादव निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 834/30/2 रकबा 0.0110 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता जानकी बाई यादव अन्य 5 पति स्व. कन्हैयालाल यादव निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 16.02.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202103100700346

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रामबाई साहू पति रामजी साहू निवासी ग्राम सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 399/3 का टु. रकबा 2200 वर्गफीट भूमि को विक्रेता हेमिन बाई पिता स्व. पंचराम अन्य 8 निवासी ग्राम बोरसीबस्ती दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 22.03.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार शर्मा पिता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम शंकरनगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1278/50 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री दुष्यंत कुमार आ. माधोराम साकिन रवेलीडीह द्वारा ग्राम रवेलीडीह प.ह.न. रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 334 रकबा 0.140 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता करिश्मा जैन आ. महेन्द्र जैन से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 15.07.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक कुमार आ. चोवाराम साकिन द्वारा ग्राम भटगांव प.ह.न. रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 288 रकबा 0.360 हे. जो उसके स्व. चोवाराम के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 15.07.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गायत्री देवी पिता/पति दीलेश कुमार निवासी म.नं. 21 आजाद चौक रामनगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 421/18 रकबा 0.0100 हे. भूमि को दानकर्ता/ आम मुख्तायार देवकी बाई पिता/पति तुलसीराम से दिनांक 01.03.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका के.सी. देवी पिता/पति एस. कोदव राव निवासी जोन 2 बीएमवाय चरोदा भिलाई जिला दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 52/124 रकबा 0.0170 हे. भूमि को दानकर्ता/ आम मुख्तायार श्रीमती इंदुमति पिता/पति एस.कोदव राव से दिनांक 19.03.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना बाई अन्य आ. गजाधर निवासी रिसामा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातरो तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 944/11 रकबा 0.4000 हें भूमि जो कि गजाधर पिता पंचू के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी गजाधर पिता पंचूराम की मृत्यु 04.04.2018 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती सुनिता साहू — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20210610040052 8

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुनिता सिंह पति श्री अवध बिहारी निवासी म.नं. 63 सड़क नं. 01 पोटियाकला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	262/82	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीमा यादव पिता/पति ओमप्रकाश यादव निवासी म.नं. 33 जयपुर रोड खारापारा बस्तर छ.ग. मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 652/33 रकबा 1800 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तायार करतार सिंह उलरेजा पिता श्यामसिंह उलरेजा से दिनांक 17.03.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 06.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गोविंद कुमार आ. गजपाल सिंह साकिन नेवईभाठा भिलाई के द्वारा ग्राम कोकड़ी प.ह.न. 44 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 786 का टु. रकबा 0.25 हे. भूमि अब्दुल गनी तकियापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 23.01.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 12.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 16.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार DDUMPA VVEENKAT REDDY के कुछ प्रमाण पत्रो एवं दस्तावेजो में D. VENKAT REDDY दर्ज है। जो कि अधूरा नाम है।

यह कि मेरा पक्षकार अपने अधूरे नाम को सुधारकर कुल नाम सहित DDUMPA VVEENKAT REDDY S/o D. SURYA RAO करना चाहता है। चूंकि मेरे पक्षकार का सही व पूरा नाम DDUMPA VVEENKAT REDDY S/o D. SURYA RAO है।

अतः इस आम सूचना के प्रकाशित होने के उपरात मेरे पक्षकार को उनके सही नाम DDUMPA VVEENKAT REDDY S/o D. SURYA RAO से लिखा पढ़ा व जाना पहचाना जावेगा।

तद्नुसार सूचना जाने।

उत्तम चौधरी, जिला न्यायालय दुर्ग, मो. नं. 8770155412

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र./373/अ-06/ वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202103101000229

प्रति,
गुरमीत कौर खुराना आ. स्व. गुरुवचन सिंह निवासी 3/4 प्रियदर्शनी परिसर वेस्ट भिलाई।

पक्षकारा
आबिद अली आ. अख्तियार अली अन्य 01 निवासी बीएसपी स्टाफ क्वा. से-8 भिलाई।

विरुद्ध
अनावेदक गुरमीत कौर खुराना आ. स्व. गुरुवचन सिंह निवासी 3/4 प्रियदर्शनी परिसर वेस्ट भिलाई।

आपको सूचित किया जाता हैं कि आवेदक आबिद अली आ. अख्तियार अली अन्य 01 निवासी बीएसपी स्टाफ क्वा. सेक्टर-8 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग की भूमि खसरा नं. 730/2/14 कुल रकबा 0.033 हें. मे से रकबा 0.010 हे. 1012 वर्गफीट भूमि को विक्रेता गुरमीत कौर खुराना आ. स्व. गुरुवचन सिंह निवासी 3/4 प्रियदर्शनी परिसर वेस्ट भिलाई के तरफ से आम मु. रसदीप सिंह खुराना आ. चरणदास सिंह खुराना से पंजीकृत बैनामा द्वारा दिनांक 09.03.2021 को क्रयकर नामांतरण किए जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 15.07.2021 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.06.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202106101000197
विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण :आवेदक पक्षकार-अमित गोल्दार
अनावेदक पक्षकार- सुनीलचंद्र गोलदार

दानग्रहिता अमित गोल्दार पिता सुनीलचंद्र गोल्दार निवासी चंद्रनगर कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग की भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 4951/1 रकबा 0.020 हे. 2400 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर दानदाता एस.सी. गोल्दार पिता स्व. एस.बी. गोल्दार से दान प्राप्त किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी जिला न्यायालय दुर्ग आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा स्टेशन रोड दुर्ग जिला दुर्ग से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार एम रुपेश नायडू आ. श्री एन महेन्द्र निवासी 103 दीप अपार्टमेंट प्रगति नगर रिसाली भिलाई छ.ग. द्वारा दिए गए अधिकार उपरांत विक्रेता यश ड्रीम रियल स्टेट लिमिटेड डायरेक्टर श्री नितिन श्रीवास्तव आ. श्री सत्येन्द्र श्रीवास्तव निवासी प्लाट नं. 03 ब्लाक नं. 01 प्रियदर्शनी परिसर नेहरुनगर भिलाई आम मुख्तयार दीपक कुमार सिंगडे आ. श्री खुश्याल सिंगडे निवासी गली नं. 04 शंकर नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के हक की भूमि वाके मौजा ग्राम अखरा प.ह.न. 38 रा.नि.मं. पाटन तह. पाटन जिला दुर्ग के तहत खसरा नं. 11/1 का भाग रकबा 0.010 हे. प्लाट नं. 42 एवं 42 का रजिस्ट्री दिनांक 28.03.2012 ग्रंथ क्रमांक 24480 पृष्ठ क्रमांक 65 से 79 पर दस्तावेज क्रमांक 13878 का रजिस्ट्री कहीं गुम गया है, उक्त रजिस्ट्री पेपर का कोई दुरुपयोग ना करे अतएव आम जनता जो कि उक्त प्लाट/भूमि के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्वः स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर समाप्त होने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा।

सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रकाशित।

जयराम भागवानी, प्लाट नं. 20 पेट्रोल पंप के बाजू में न्यू आदर्श नगर दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार शिखा मजूमदार निवासी आजाद मार्केट प्रगति नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग की है। यह कि विवाह पूर्व मेरी पक्षकार का नाम शबीना बेगम था विवाह के पश्चात शिखा मजूमदार हुआ। जो कि समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है। मेरे पक्षकारा के आधार कार्ड में उसका नाम शिखा मजूमदार दर्ज है कि मेरी पक्षकारा ने विवाह के पश्चात अपना नाम शिखा मजूमदार कर लिया है। वर्तमान में मेरा पक्षकार अपना नाम सोनू पिता फरहद उल्ला खान रखना चाहती है। शबीना बेगम एवं शिखा मजूमदार एवं सोनू उपरोक्त तीनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरी पक्षकारा शिखा का नाम है। भविष्य में मेरी पक्षकारा अपने समस्त शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों एवं अभिलेखों में अपना नाम परिवर्तित कर सोनू दर्ज करवाना चाहती है। जिसके संबंध में दिनांक 21.06.2021 को श्रीमान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दुर्ग छ.ग. के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित करवा चुकी है तथा छग गजट प्रकाशन में भी नाम सुधार हेतु प्रकाशन करवाना चाहती है। भविष्य में मेरी पक्षकारा को सोनू के नाम से जानी, पहचानी, लिखी, पढ़ी, समक्षी संबोधित की जावे।

अतः यह आम सूचना मेरे पक्षकारा के निर्देश पर मेरे द्वारा जारी किया गया है।

डॉ. चंद्रप्रकाश शुक्ला, जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.), मो. 9827188875

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202106101000173
विषयः अ-06 — वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- श्रीमती शीला वर्मा
अनावेदक पक्षकार-

आवेदिका श्रीमती शीला वर्मा पति गणेश वर्मा निवासी सिविक सेंटर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 8809 रकबा 0.020 हे. जो आवेदिका की पिता प्रीतराम पिता बनसराम के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी प्रीतराम पिता बनसराम की मृत्यु दिनांक 25.04.2021 को एवं आवेदिका की माता विस्तीन बाई पति प्रीतराम की मृत्यु दिनांक 20.04.2021 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202106101000180
विषयः अ-06अ — वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-नागेश्वर सिंह
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

आवेदक नागेश्वर राव पिता स्व. पी. श्यामलराव निवासी कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग की भूमि खसरा नंबर 442/1, 443/1 का टु. रकबा 0.040 हे. है। प्रमाणीकरण पश्चात खसरा नं. 5006/5 रकबा 0.01 हे. दर्ज हो गया एवं पिता का नाम श्यामलराव के स्थान पर पिलामल दर्ज हो गया है जो त्रुटिपूर्ण है, आवेदक के पिता स्व. पी. श्यामलराव की मृत्यु दिनांक 06.01.2021 को हो जाने से राजस्व अभिलेख में मृतक का नाम विलोपित करने एवं त्रुटी सुधार किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू 4 जुलाई को कोरिया जिले की समीक्षा करेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। गृह और लोक निर्माण मंत्री तथा कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू 4 जुलाई रविवार को कोरिया जिले की समीक्षा करेंगे। वे सवेरे 9 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर 10 बजे कोरिया पहुचेंगे। मंत्री श्री साहू 10.10 बजे सर्किट हाउस में आम जनता से भेंट करने के बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 11 बजे लोक निर्माण विभाग की और 11.30 बजे गृह एवं जेल विभाग की समीक्षा करेंगे। श्री साहू दोपहर 12 बजे सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। वे 1 बजे जिला खनिज न्यास निधि की बैठक लेंगे। इसके बाद विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन करेंगे। श्री साहू अपरान्ह 3 बजे बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत आनी में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 4 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर राजधानी रायपुर लौटेंगे।

कोविड 19 महामारी के दौरान पैरोल पर छुटे 2 कैदी फरार, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। कोविड 19 के दौरान पैरोल पर छुटे 2 कैदी फरार हो गए। मामले की शिकायत खरोरा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार केन्द्रीय जेल रायपुर में बंद पास्को एक्ट तथा एसीएसटीएक्ट एवं अपहरण बलात्कार के मामले में जेल में सजा भुगत रहे आरोपी को कोविड 19 के दौरान ग्राम घीवरा रायपुर निवासी चद्रकांत वर्मा को पैरोल पर छोड़ा गया था। जिसे 1 जुलाई 2020 को अस्थायी मुक्ति पर 10 दिन के लिए जेल से रिहा किया गया था। 12 जुलाई 2020 को पुनः जेल में प्रविष्ट होना था। कोविड 19 के प्रभाव होने के कारण कोर्ट के आदेश पर पैरोल की अवधि 31 दिसंबर 2020 तक बढ़ाया गया था। 28 जनवरी को थाना प्रभारी खरोरा को बंदी को को जेल में प्रविष्ट करने के लिए वारंट जारी किया गया। पुलिस द्वारा बंदी के गांव जाकर पतासाजी करने पर वह फरार है। इसी तरह ग्राम कोरासी राजीव कुमार पिता नंद कुमार को कोविड 19 महामारी के दौरान 21 जनवरी 2021 को केन्द्रीय जेल रायपुर से पैरोल पर छोड़ा गया था,लेकिन जेल में वापस दाखिल होने के समय अवधि निकल जाने के बावजूद भी वापस नहीं पहुंचने पर आरोपी के गांव पहुंचकर पतासाजी करने पर नही मिला। दोनों मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 224,229 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया गया है।

नाबालिग लड़की का पिता ने सिर फोड़ा, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। नाबालिग लड़की को अधर-उधर घूमती है कहकर पिता ने ईट मारकर सिर फोड़ दिया। मामले की शिकायत मौदहापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार स्वीपर बस्ती मौदहापारा निवासी पीड़िता 16 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थिया का पिता आनंद रात्रे 50 वर्ष ने उसे इधर-उधर घुमती रहती है कहकर गाली-गलौच कर ईट से मारकर सिर फोड़ दिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने पीड़िता के पिता के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

निजामुद्दीन और रायगढ़ के मध्य 5 जुलाई से चलेगी गोंडवाना स्पेशल ट्रेन

रायपुर/नवप्रदेश। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये निजामुद्दीन और रायगढ़ के मध्य 5 जुलाई से पुनः गोंडवाना स्पेशल ट्रेन चलने जा रही है।ये स्पेशल ट्रेन 02410 नंबर के साथ निजामुद्दीन से रायगढ़ के लिए सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार एवं शनिवार को 05 जुलाई से तथा 02409 नंबर के साथ रायगढ़ से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को 07 जुलाई से चलेगी। यह गाड़ी आगामी आदेश तक चलती रहेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 पावरकार, 04 सामान्य, 06 स्लीपर, 06 एसी-थ्री तथा 02 एसी-टू कोच सहित कुल 20 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित है तथा केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी साथ ही यात्रा के दौरान कोविड-19 के नियमों का आवश्यक रूप से पालन करना होगा।

कार की सीट पर रखा मोबाईल चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। कार की सीट पर रखा मोबाईल किसी ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार केपिटल सिटी सड्डू विधानसभा निवासी रश्मि डोगिया मिश्रा 31 वर्ष पति अभिषेक मिश्रा ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 13 जून को 2 बजे के करीब प्रार्थिया अपना एप्पल का आई फोन अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये को अपने घर के पास खड़ी कार की सिट पर रखा था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाईल चोरी कर लिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सभी संभागो में वर्षा नहीं होने से अब सभी स्थानों पर एक बार फिर तापमान बढ़ने लगा है, जिससे उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान किये हुए है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम तथा एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ छीटें पड़ने के साथ अंधड़ चलने एवं आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जतायी है। मौसम विभाग के स्थानीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में फिलहाल अच्छी बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज-चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। इसके साथ एक-दो स्थानों पर अंधड़ चलने एवं आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। इधर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में पिछले सप्ताहभर से बारिश नहीं होने से तापमान में फिर वृद्धि होने लगी है, जिससे उमस से लोग बेहाल होने लगे है। राजधानी में भी धूप-छांव के खेल के बीच उमस ने लोगों को परेशान किये हुए है।

मनरेगा आयुक्त ने अभिसरण से कराए जाने वाले कार्यों की स्वीकृति में तेजी लाने के दिए निर्देश

■ **सभी कलेक्टरों को जारी किया परिपत्र**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) आयुक्त श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने विभिन्न विभागों के अभिसरण से कराए जाने वाले कार्यों की स्वीकृति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टर-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) को परिपत्र जारी कर अलग-अलग विभागों से मनरेगा के अंतर्गत अनुमेय कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त करने और उनकी स्वीकृति की प्रकिया में तेजी लाने कहा है। उन्होंने अपने पत्र में इस आशय का भी उल्लेख किया है कि अभिसरण के अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति में प्रगति लाने विभाग प्रमुख राज्य और जिला स्तर पर विभागीय नोडल अधिकारी (अभिसरण) नामांकित करें।

राज्य मनरेगा आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि मनरेगा के अंतर्गत वन एवं जलवायु परिवर्तन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, जल संसाधन तथा ग्रामोद्योग विभाग के अभिसरण से कराए जाने वाले अनुमेय कार्यों एवं संबंधित विभागों की परियोजना क्रियान्वयन इकाई (च्प्।) के तौर पर कराए जा रहे कार्यों की प्रगति अत्यंत कम है। राज्य मनरेगा कार्यालय द्वारा अंतर्विभागीय अभिसरण के लिए विभिन्न जिलों में कार्यरत मनरेगा के सहायक परियोजना अधिकारियों और संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित अलग-अलग बैठकों में इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा आयुक्त ने सभी जिलों में कार्यों की स्वीकृति में तेजी लाने कहा है, जिससे प्रदेश में अभिसरण कार्यों की संख्या में इजाफा हो सके।

मनरेगा और विभागीय अभिसरण से हो सकते हैं ये काम मनरेगा और वन विभाग के अभिसरण से विभिन्न प्रकार के वृक्षारोपण, नर्सरी विकास, नरवा के ड्रेनेज लाइन और एरिया ट्रीटमेंट संबंधित कार्य जैसे कंटूर ट्रेंच, कंटूर बण्ड, लूज बोल्डर चेक, गली प्लग निर्माण कार्य कराए जा सकते हैं। ग्रामोद्योग विभाग के जरिए सेरिकल्चर वृक्षारोपण, ग्रामीण हाट उन्नयन, मनरेगा कार्यों के लिए निर्माण सामग्रियों का उत्पादन कार्य, जल संसाधन विभाग द्वारा कमाण्ड एरिया विकास संबंधित कार्य जैसे वाटर कोर्स व नहर निर्माण, तथा वाटरशेड विकास संबंधित कार्य तथा कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पशुपालन के अंतर्गत सिल्वी पैश्चर चारागाह, मुर्गी शेड, पशु शेड, सुअर शेड, बकरी शेड, वर्मी कम्पोस्ट टैंक व नाडेप टैंक, मत्स्य पालन अंतर्गत मत्स्य पालन तालाब व फिश ड्राइंग यार्ड, उद्यानिकी के तहत नर्सरी व फलदार वृक्षारोपण एवं कृषि के अंतर्गत खेत समतलीकरण, वर्मी कम्पोस्ट टैंक व नाडेप टैंक निर्माण कार्य मनरेगा के अभिसरण से कराए जा सकते हैं।

ग्रामीणों में निजी अस्पतालों के मुद्दे पर बघेल-सिंहदेव के विरोधाभासी बयानों से सत्ता-संघर्ष जगजाहिर : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप ने ग्रामीण क्षेत्रों में निजी अस्पतालों को सरकारी अनुदान देने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के परस्पर विरोधाभासी बयानों पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार में ढाई-ढाई साल के फ़ार्मूले को लेकर कांग्रेस में मचा सत्ता-संघर्ष अब जगज़ाहिर होता जा रहा है। श्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने गठन के साथ ही कई अंतर्विरोधों से घिरी रही है और शुरुआती तमाम ना-नुकुर के बाद अब यह द्वंद्व खुलकर सामने आ रहा है। यह आश्चर्य की बात है कि विभागीय मंत्री से इस मुद्दे पर कोई चर्चा किए और उन्हें विश्वास में लिए बिना इस तरह की घोषणा करके मुख्यमंत्री बघेल अपनी ही सरकार के मंत्री सिंहदेव की असहमति को दरकिनार करते नज़र आ रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा के बाद इस कॉन्सेप्ट को सार्वजनिक तौर पर ख़ारिज़ करके मंत्री सिंहदेव ने यह साफ़ कर दिया है कि प्रदेश सरकार में तालमेल का पूरी तरह अभाव है। क्या वन मैन शो की मानिंद सरकार चला रहे मुख्यमंत्री बघेल अपनी कैबिनेट में किसी भी विषय पर विचार-विमर्श करना ज़रूरी नहीं समझते? श्री कश्यप ने कहा कि महत्वपूर्ण विभागीय बैठकों में स्वास्थ्य मंत्री को नहीं बुलाए जाने, सरकार की निर्णय-प्रक्रिया के कई मौक़ों पर मंत्री सिंहदेव को लगभग अलग-थलग करने और कोविड रोकथाम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई बैठक में मुख्यमंत्री बघेल द्वारा अपने प्रतिनिधि के तौर पर भी स्वास्थ्य मंत्री को शामिल नहीं होने देने का आशय क्या यह नहीं है कि प्रदेश सरकार में सबकुछ ठीक नहीं है।

भाजपा प्रवक्ता व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि एक तरफ़ जब प्रदेश में कोरोना महामारी ने तांडव मचा रखा है, तब बजाय सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, ज़िला अस्पतालों में चिकित्सकों के 30 फ़ीसदी खाली पदों पर भर्ती करके चरमरा चुकी स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श करने के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी अस्पतालों को लेकर प्रदेश सरकार आपस में ही तू-तू, मैं-मैं करती नज़र आ रही है। श्री कश्यप ने कहा कि एक तरफ़ कांग्रेस निजीकरण को लेकर केंद्र सरकार के ख़िलाफ़ नित-नया बेसुरा प्रलाप कर रही है और दूसरी तरफ़ उसी कांग्रेस के मुख्यमंत्री बघेल को सरकारी असपतालों के बजाय अब निजी अस्पतालों पर भरोसा करते देखना यक़ीनन हैरतभरा है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार आर्थिक संकट के दलदल में धँसी हुई है तो फिर निजी अस्पतालों के लिए अनुदान का इंतज़ाम वह कहाँ से करेगी, यह मुख्यमंत्री बघेल प्रदेश को बताएँ। श्री कश्यप ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि हर मोर्चे परअपनी शर्मनाक विफलताओं से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए प्रदेश सरकार यह महज़ शोशेबाजी कर रही है क्योंकि एक तो भाजपा ने प्रदेश सरकार के काले कारनामों को लेकर प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान चला रखा है जिससे प्रदेश सरकार को अपनी ज़मीन खिसकती साफ़ नज़र आ रही है; और दूसरे ढाई-ढाई साल के फ़ार्मूले को लेकर मुख्यमंत्री बघेल यह जताने का प्रयास कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर मंत्री सिंहदेव की अपनी सरकार में कोई राजनीतिक और निर्णायक हैसियत नहीं रही है।

लाखेनगर चौक का सौंदर्यीकरण एवं रोड का चौड़ीकरण होगा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के चौक-चौराहो को राजधानी के अनुरूप सौंदर्यीकरण का काम नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के लाखेनगर चौक का सौंदर्यीकरण के साथ चौड़ीकरण का कार्य भी होगा। महापौर एजाज ढेबर ने इसके लिए अधिकारियों को योजना बनाने के लिए निर्देशित भी किया है।

महापौर एजाज ढेबर इन दिनों बारी-बारी से सभी जोन क्षेत्रों का दौरा करते हुए वहां पार्षदों व जोन अधिकारियों के साथ बैठक करके साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, सड़क सहित सभी कार्यों की समीक्षा कर रहे है। साथ ही जोन क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं का जल्द निराकरण करने से लेकर नये विकास कार्यों को लेकर निर्देश भी दे रहे है। इसी कड़ी में महापौर ने जोन 5 क्षेत्र का बुधवार को दौरा किया और यहां जोन अधिकारियों व पार्षदों की बैठक ली। बैठक में महापौर श्री ढेबर ने जोन कमिश्नर को निकट भविष्य में लाखे नगर चौक का सौंदर्यीकरण एवं चौड़ीकरण करवाने योजना बनाकर स्वीकृति हेतु प्रस्तावित करने के निर्देश दिये।

महापौर श्री ढेबर ने अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर कार्यवाही की जानकारी ली। जोन कमिश्नर ने महापौर को बताया कि जोन 5 नगर निवेष विभाग द्वारा अब तक 15 प्रकरणों में अवैध प्लाटिंग पर संबंधित थाने में एफ्आईआर करने रिपोर्ट की जा चुकी है, वहीं अवैध मोबाईल टावर के नियमितिकरण हेतु न्यायालय के आदेश के परिपालन में संबंधितों को अंतर की राशि की वसूली करने नोटिस देने की कार्यवाही नियमानुसार प्रक्रिया के तहत की जा रही है।

महिला ने अस्पताल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

रायपुर/नवप्रदेश। परिवारिक विवाद के चलते जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश करने वाली महिला ने अस्पताल में उपचार के दौरान फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले की शिकायत मौदहापारा थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार अंबेडकर अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक महिला की लाश वार्ड नंबर 10 में फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखा। मरीजों ने अस्पताल कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। वहीं अस्पताल प्रबंधक ने महिला के सुसाइड की सूचना पुलिस को दी।

जिसके बाद मौके पर मौदहापारा पुलिस पहुंची है। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पीएम के लिए भेज दिया है।

उच्च रक्तचाप व मोटापा से पीड़ित गर्भवती को कोविड संक्रमण का खतरा अधिक

रायपुर/नवप्रदेश। कोविड संक्रमण का खतरा गर्भवती महिलाओं को भी है. इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 'काउंसलिंग प्रेग्नेंट वीमेन फॉर कोविड 19 वैक्सीन' गाइडबुक जारी किया है, जिसमें गर्भवती महिलाओं के कोविड टीकाकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी है द्य इस गाइड बुक को विशेष रूप से फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा वैक्सीनेटर के लिए तैयार किया गया है जिसकी मदद से वे गर्भवती महिलाओं को कोविड टीकाकरण से संबंधित सही सलाह देकर टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करने में उनकी मदद कर सकते हैं।

सिम्टोमेटिक गर्भवती महिलाओं को मौत का खतरा:

गाइड बुक में कहा गया है कि हालांकि अधिकांश संक्रमित गर्भवती महिलाएं बिना किसी अस्पताल में भर्ती हुए ठीक हुई हैं, लेकिन कुछ गर्भवती महिलाओं में गंभीर मामले भी देखने को मिले हैं। सिम्टोमेटिक गर्भवती महिलाओं को मौत का खतरा भी होता है। इसलिए उन्हें अन्य मरीजों की तरह ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराये जाने की जरूरत होती है। साथ ही वैसी गर्भवती महिलाएं जिनकी उम्र 35 वर्ष से अधिक उम्र हो, मोटापा, उच्च रक्तचाप व डायबिटीज से पीड़ित हों उन्हें संक्रमण का जोखिम व उससे जटिलताएं होने की संभावना अधिक होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार कोविड संक्रमित गर्भवती महिलाओं से जन्में 95 फीसदी शिशु स्वस्थ्य रहे हैं।

एम्स में 3 जुलाई को ब्लैक फंगस पर और 4 को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर सीएमई

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में तीन और चार जुलाई को क्रमशः म्यूकरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर दो सीएमई आयोजित की जा रही हैं। इनमें देश के प्रमुख चिकित्सक दोनों विषयों पर स्वयं के अनुभवों को नए चिकित्सकों के साथ साझा करेंगे।

तीन जुलाई को एम्स रायपुर के ईएनटी विभाग के निर्देशन में ब्लैक फंगस के 150 ऑपरेशन पूर्ण करने पर सीएमई आयोजित की जा रही है। आयोजक एनस्थिसिया विभागाध्यक्ष प्रो. नंद किशोर अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर को कोविड-19 और ब्लैक फंगस के ऑपरेशन में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए चिकित्सकों की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही ब्लैक फंगस पर सीएमई भी आयोजित होगी जिसमें ऑपरेशन से जुड़े चिकित्सक अपने अनुभव नए चिकित्सकों के साथ साझा करेंगे।

4 जुलाई को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर हड्डी रोग विभाग के तत्वावधान में एआई इन हैल्थ केयर विषय पर सीएमई आयोजित की जा रही है। आयोजक सचिव प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल ने बताया कि आर्थो विभाग सहित सभी प्रमुख विभागों में एआई का अनुप्रयोग बढ़ता जा रहा है।

इसी के बारे में चिकित्सकों को जानकारी और आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से सीएमई आयोजित की जा रही है। इसमें इंग्लैंड, स्विट्जरलैंड, एम्स दिल्ली, ट्रिपल आईटी दिल्ली और रायपुर, पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज, रायपुर सहित कई प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सक व्याख्यान देंगे।

वेबिनार 'स्वतंत्रता आंदोलन एवं जनजातीय समाज' विषय पर आयोजित वेबिनार में शामिल हुई राज्यपाल

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास: सुश्री उइके

रायपुर/नवप्रदेश। आज जो हम खुली हवा में जो सांस ले रहे हैं, आजादी के महान नायकों के बलिदान के फलस्वरूप हो पाया है। हमें इसकी कीमत समझनी चाहिए। हर नागरिक को राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए और देश को विघटित करने का प्रयास करने वाले तत्वों से सचेत रहना चाहिए। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज जनजाति कल्याण केन्द्र महाकोशल, बरगांव द्वारा ''स्वतंत्रता आंदोलन एवं जनजातीय समाज'' विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए कही।

राज्यपाल ने कहा कि देश की आजादी में जनजातियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। सन 1857 से पहले स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आजादी तक अंग्रेजों के खिलाफलगातार संघर्षों का दौर जारी रहा। स्वतंत्रता आंदोलन के पूर्व ही अंग्रेजों के खिलाफ जनजातियों ने विद्रोह करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि हमारे जनजातीय समाज ने स्वतंत्रता आंदोलन में जो बलिदान दिया है उसकी जानकारी नई पीढ़ी को देने की आवश्यकता है, ताकि वे उनके पदचिन्हों में चलकर समाज को नई दिशा प्रदान करे और देश की प्रगति में योगदान दे। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग विकासखण्ड स्तर पर, ग्राम पंचायत स्तर पर एक अभियान चलाकर समाज के लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज के योगदान की जानकारी दें ताकि समाज को आत्म गौरव का अनुभव हो।

सुश्री उइके ने कहा कि जनजातीय पुरातन काल से वनों में निवास करते रहे हैं। उन्हें प्राकृतिक संपदा की अच्छी जानकारी भी है, इसलिए वे प्रकृति के अनुकुल जीवन जीते हैं। चूंकि प्रकृति से अनन्य संबंध होने के कारण वे जल, जंगल जमीन पर अपना अधिकार समझते रहे। बाद में ब्रिटिश शासन के आने के पश्चात वन कानूनों के माध्यम से उनके क्षेत्र में हस्तक्षेप किया जाने लगा। इसके पीछे भी ब्रिटिश शासनों की मंशा उन जंगलों में छिपी अकुत संपदा थी। उन्हें हथियाने के लिए कानूनों का सहारा लिया। इसे आदिवासियों ने अपने जीवन में हस्तक्षेप समझा और उन्होंने उसके खिलाफआवाज बुलंद की।

उन्होंने कहा कि यदि हम आदिवासियों की प्रमुख आंदोलनों की बात करें तो सन् 1780 से सन् 1857 तक आदिवासियों ने अनेकों स्वतंत्रता आन्दोलन किए। सन् 1780 का ÷दामिन विद्रोह÷ जो तिलका मांझी ने चलाया, सन् 1855 का ÷सिहू कान्हू विद्रोह÷, सन् 1828 से 1832 तक बुधू भगत द्वारा चलाया गया ÷लरका आन्दोलन÷ बहुत प्रसिद्ध आदिवासी आन्दोलन हैं। यहां पर बिरसा मुण्डा का जिक्र करना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने न ही शोषण के खिलाफ आवाज उठाई बल्कि आदिवासियों के सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सुश्री उइके ने कहा कि आदिवासी युग पुरूष बिरसा मुण्डा सन् 1900 में शहीद हुए। मध्य प्रदेश के निमाड़ में हुए विद्रोह के नायक भील तांतिया उर्फ टंटिया मामा ने क्रांति की लहर पैदा की। हम छत्तीसगढ़ की बात करें तो स्वतंत्रता संग्राम के प्रारंभिक चरण में वीर नारायण सिंह का नाम उल्लेखनीय है, जो प्रथम शहीद भी माने जाते हैं। इसके साथ ही गुण्डाधुर, कंगला मांझी, गैंदसिंह जैसे अनेकों नायक हुए, जिन्होंने देश के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों की आहूति दे दी।

निःसंदेह स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने आदिवासी समाज से आग्रह किया कि समाज को जागरूक करें ताकि देश की प्रगति में अधिक से अधिक योगदान दे सकें।

संपादकीय

धर्मान्तरणः कड़ा कानून जरूरी

देश में एक बार फिर हिन्दुओं के जबरिया धर्मान्तरण का मुद्दा गर्मा गया है। देश सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में धर्मान्तरण के एक के बाद एक कई मामले सामने आएं है। इसके बाद योगी सरकार ने धर्मान्तरण के मामलों की उच्च स्तरीय जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। जिसमें न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि देश के कई अन्य राज्यों में भी सुनियोजित रूप से चलाए जा रहे धर्मान्तरण के मामलो पर से पर्दा हटाया है। ऐसा गिरोह भी बेनकाब हो रहा है जो लंबे समय से हिन्दुओं को प्रलोभन देकर उनका धर्मान्तरण कराता रहा है। इसके लिए इस गिरोह से जुड़े लोगों को विदेशों से फंडिंग होती है। हवाला के जरिए मोटी रकम आती है जिसका ये धर्मान्तरण के लिए उपयोग करते है। इस सिलसिले में कई लागों की गिरफ्तारी हुई है और उनसे कड़ाई पूर्वक पूछताछ की जा रही है। उम्मीद है कि इस पूछताछ से और भी कई चौकाने वाले खुलासे होंगे और धर्मान्तरण कराने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस बीच कश्मीर में भी तीन सिख लड़कियों के धर्मान्तरण का मामला सामने आया है जिनका अधेड़ उम्र के लोगों से निकाह करा दिया गया। इस मुद्दे को लेकर सिख समाज भी आंदोलित हो उठा है और सिख समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने केन्द्रिय गृह राज्य मंत्री से मिलकर उनसे इस मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग की है। सरकार ने आश्वस्त किया है कि धर्मान्तरण कराने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल भारत में धर्मान्तरण का गंदा खेल लंबे समय से चलता आ रहा है। कभी लव जिहाद के नाम पर तो कभी गरीब हिन्दु परिवारों को आर्थिक प्रलोभन देकर सुनियोजित रूप से धर्मान्तरण कराया जाता रहा है। यहा तक कि मूकबधिर बच्चों को भी नही बख्शा गया और उनका भी धर्मान्तरण करा दिया गया। बहरहाल अब पानी सिर से ऊंचा हो गया है और सरकार धर्मान्तरण के खिलाफ कड़े कानूनी प्रावधान करने के लिए बाध्य हो रही है। संसद के आगामी मानसून सत्र में धर्मान्तरण का मुद्दा सत्ताधारी भाजपा के कई सांसदो ने ही जोर शोर से उठाने का एलान किया है। इससे उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में धर्मान्तरण के खिलाफ कड़ा कानून बनेगा और धर्मान्तरण कराने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने का प्रावधान किया जाएगा।

विचार

नरसिंहरावः कांग्रेस की कृतघ्नता

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत के प्रधानमंत्री रहे पामुलपर्ती वेंकट नरसिंहरावजी का इस 28 जून को सौवां जन्मदिन था। नरसिंहरावजी जब से आंध्र छोड़कर दिल्ली आए, हर 28 जून को हम दोनों का भोजन साथ-साथ होता था। पहले शाहजहां रोडवाले फ्लेट में और फिर 9, मोतीलाल नेहरु मार्गवाले बंगले में। प्रधानमंत्री बनने के पहले वे विदेश मंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और मानव संसाधन मंत्री रह चुके थे। 1991 में जब वे प्रधानमंत्री बने तो हमारे तीन पड़ौसी देशों के प्रधानमंत्रियों ने मुझसे पूछा कि क्या राव साहब इस पद को ठीक से सम्हाल पाएंगे ? उन्होंने अगले पांच साल न केवल अपनी अल्पमत की सरकार को सफलतापूर्वक चलाया बल्कि उनके कामकाज से उनकी गणना देश के चार एतिहासिक प्रधानमंत्रियों-- नेहरु, इंदिरा गांधी, नरसिंहराव और अटलजी-- के रुप में होती है। राव साहब के जन्म का यह सौवां साल है। कई अन्य प्रधानमंत्रियों का भी सौंवा साल आया और चला गया। उनके सौवें जन्मदिन पर हैदराबाद में उनकी 26 फुट ऊंची प्रतिमा का उदघाटन जरुर हुआ लेकिन वह किसने आयोजित किया ? किसी कांग्रेसी ने नहीं, किसी राष्ट्रवादी भाजपाई ने नहीं, बल्कि तेलंगाना (पूर्व आंध्र) के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने। क्या नरसिंहराव सिर्फ एक प्रांत के नेता थे ? वर्तमान कांग्रेस किस कदर एहसानफरामोश निकली है ? मुझे उससे ज्यादा उम्मीद इसलिए भी नहीं थी कि जिस दिन राव साहब का निधन हुआ (23 दिसंबर 2004), प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहनसिंह ने खुद मुझे फोन किया और कहा कि आप कांग्रेस कार्यालय पर पहुंचिए। वहीं उन्हें लाया जा रहा है। उस समय सुबह के साढ़े दस ग्यारह बजे होंगे। राव साहब का शव बाहर रखा हुआ था और सोनियाजी और मनमोहनसिंहजी के अलावा मुश्किल से 8-10 कांग्रेसी नेता वहां खड़े हुए थे। किसी के चेहरे पर कोई भाव नहीं था। सिर्फ मैंने उनके चरण-स्पर्श किए। शेष लोगों ने उन्हें खड़े-खड़े चुपचाप विदाई दे दी। मैंने सोचा कि राजघाट के आस-पास अंत्येष्टि के लिए कोई स्थल तैयार कर लिया गया होगा लेकिन उसी समय शव को हवाई अड्डे ले जाया गया। हैदराबाद में हुई उनकी लापरवाह अंत्येष्टि की खबर जो दूसरे दिन अखबारों में पढ़ी तो मन बहुत दुखी हुआ लेकिन 2015 में यह जानकर अच्छा लगा कि राजघाट के पास शांति-स्थल पर भाजपा सरकार ने उनका स्मारक बना दिया है। कांग्रेस के नेता चाहते तो 28 जून को उनकी 100 वीं जन्म-तिथि पर कोई बड़ा आयोजन तो करते। जो आजकल कांग्रेस के नेता बने हुए हैं, यदि प्रधानमंत्री नरसिंहराव की दरियादिली नहीं होती तो वे तब जेल भी जा सकते थे और देश छोड़कर भी भाग सकते थे। राव साहब ने अपने दो वरिष्ठ मंत्रियों को सलाह को दरकिनार करते हुए मेरे सामने ही राजीव गांधी फाउंडेशन को 100 करोड़ रु. देने का निर्णय किया था। उनकी स्मृति में भाजपा कुछ करती तो कांग्रेसी आरोप लगा देते कि बाबरी मस्जिद को गिरवाने में भाजपा और राव साहब की मिलीभगत थी लेकिन 6 दिसंबर 1992 की उस घटना के बारे में ऐसा आरोप लगा देना घनघोर अज्ञान और दुराशय का परिचय देना है। ज्यों-ज्यों दिन बीतते जाएंगे, लोगों को पता चलेगा कि भारत की अर्थ-नीति और विदेश नीति को समयानुकूल नई दिशा देने में नरसिंहरावजी का कैसा अप्रतिम योगदान था।

शॉकिंग न्यूज, एप्पल डेली शटडाउन!

श्याम सुंदर भाटिया

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने तीखे कमेंट्स में कहा, स्वतंत्र आवाज़ को दंडित करने वाले कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के माध्यम से गिरफ्तारी, धमकियों और जबर्दस्ती करके बीजिंग ने स्वतंत्र मीडिया को दबाने और असहमतिपूर्ण विचारों को चुप कराने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग किया है। बाइडेन ने इसे हांगकांग और दुनिया भर में मीडिया की आजादी के लिए एक दुखद दिन करार देते हुए कहा, स्वतंत्र मीडिया लचीला और समृद्ध समाजों में एक अहम भूमिका निभाता है। पत्रकार सच बोलने वाले होते हैं, जो नेताओं को जवाबदेह ठहराते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन से स्वतंत्र प्रेस को निशाना बनाना बंद करने और हिरासत में लिए गए पत्रकारों और मीडिया अधिकारियों को रिहा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का काम अपराध नहीं है। उन्होंने कहा, हांगकांग में लोगों को प्रेस की स्वतंत्रता का अधिकार है। इसके बजाए बीजिंग बुनियादी स्वतंत्रता से इंकार कर रहा है और हांगकांग की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं पर हमला कर रहा है, जो इसके अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के साथ असंगत है।

दुनिया के बेशुमार लोकशाही के मुरीदों के लिए बुरी ख़बर है, हांगकांग के वाइस ऑफ डेमोक्रेसी कहे जाने वाले बहुप्रसारित एवम् बहुपठनीय टैब्लॉयड - एप्पल डेली आखिरकार ड्रैगन की दमनकारी नीतियों का शिकार हो गया। क्या कहें - हांगकांग की सबसे बड़ी आवाज। या कहें - लोकतंत्र के सबसे बड़े सिपाही। या कहें - लोकतांत्रिक व्यवस्था के सबसे बड़े स्तंभ को चीन के इशारे पर उसकी पिट्ठू नौकरशाही ने गिरा दिया है। हांगकांग से छपने वाला सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अखबार एप्पल डेली पर ताला लग गया है। 2020 में जब पूरी दुनिया में कोरोना की वजह से लॉकडाउन लगा हुआ था, उस वक्त चीन ने हांगकांग में नेशनल सिक्योरिटी कानून लागू किया था, जिसके तहत हांगकांग में हजारों लोकतंत्र समर्थकों को जेल भेज दिया गया, जिनमें लोकतंत्र के प्रबल समर्थक और हांगकांग की मीडिया के सबसे बड़ा चेहरा एवं टैब्लॉयड एप्पल डेली के संपादक जिमी लाई भी शुमार थे। एक साल से जिमी जेल में हैं। अब उनका टैब्लॉइड अखबार एप्पल फिलहाल शटडाउन हो गया है। नेक्स्ट मीडिया का एप्पल डेली प्रमुख टैब्लॉइड है। मीडिया संस्थान की तरफ से कहा गया है, उसके सैकड़ों पत्रकार गिरफ्तार हैं। लाखों डॉलर की संपत्ति चीन की सरकार ने जब्त कर ली है। ऐसे में अब अखबार को बंद करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। एप्पल डेली के बंद होने के बाद हांगकांग के प्रशासन के उन दावों की धज्जियां उड़ गई हैं, जिसमें कहा गया था, हांगकांग में जो नया कानून बनाया गया है, उससे प्रेस की स्वतंत्रता खत्म नहीं होगी। बकौल भारतीय शीर्ष अदालत, सरकार से असहमति देशद्रोह नहीं, यह लोकतंत्र का सार है। सच यह है, असहमति लोकतंत्र का खूबसूरत आभूषण है। कहावत है, बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद। ड्रैगन के शासक सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का आत्ममंथन करें तो यकीनन वे दमनकारी नीतियों को अलविदा कह देंगे, लेकिन ड्रैगन तो बापू के तीन बंदरों की मानिंद है, जिसकी आंख, नाक और मुँह बंद हैं। एप्पल डेली के जख्मों का दर्द हिंदुस्तानी मीडिया शिद्दत से अहसास कर सकता है,क्योंकि आपातकाल के नासूर और राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में इंडियन एक्सप्रेस पर अटैक की ज्यादती आज भी दिल-ओ-दिमाग में ताज़ा हैं। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने पूरे हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को लागू करने के लिए लोकतंत्र समर्थन हजारों कार्यकर्ताओं,

उद्योगपतियों को गिरफ्तार कर लिया था। चीन के नए कानून के तहत हांगकांग में चीन की सरकार के खिलाफ एक शब्द लिखना या बोलना कानून जुर्म घोषित कर दिया गया। कम्युनिस्ट पार्टी ने हर उन लोकतंत्र पैरोकारों को जेल में डाल दिया , जो कम्युनिस्ट शासन के खिलाफ थे। ड्रैगन के पिट्ठुओं ने लोकतंत्र समर्थकों को हर तरह से टार्चर किया है। एक साल में हांगकांग के हजारों लोकतंत्र समर्थकों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ देशद्रोह, तोड़फोड़, अलगाव, आतंकवाद, विदेश ताकतों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाकर एकतरफा सुनवाई में उन्हें दोषी साबित किया गया। फिर उन्हें उम्रकैद की सदा सुनाई गई । हांगकांग में बेशक चुनाव करवाए गए लेकिन चीन की देखरेख में और लोकतंत्र समर्थकों को चुनाव में लड़ने ही नहीं दिया गया। अब हांगकांग में लीडरशिप चीन समर्थक है। भले ही वह यह दावा करती हो, हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता अब भी बची हुई है,लेकिन एप्पल डेली के अचानक बंदी का ऐलान सभी के लिए शॉकिंग है।

हांगकांग में नेशनल सिक्योरिटी कानून लागू होने के बाद से एप्पल डेली धीरे-धीरे अपंग होता चला गया। लोकतंत्र समर्थक रैली में भाग लेने के लिए पहले से ही अखबार के संस्थापक जिमी लाई तो जेल की सलाखों के पीछे हैं ही,अब अखबार के शीर्ष संपादकों और अधिकारियों में से पांच पर एक ही तरह के अपराध को करने का आरोप लगाकर गिरफ्तार कर लिया गया है। बार - बार एप्पल डेली के दफ्तर पर छापा मारा जाता। अखबार पर विदेशी सरकारों को साथ देने का आरोप चस्पा किया जाता । अखबार में छापा मारने के लिए एक साथ सैकड़ों पुलिस वाले दफ्तर पर धावा बोल देते। हाल ही में अखबार के दफ्तर से कंप्यूटर समेत तमाम उपकरण लेकर पुलिसवाले चले गए। पत्रकारों को डराया गया और जिन्होंने फिर भी झुकने से इनकार कर दिया, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज में डाल दिया गया। आतंक का माहौल कर दिया। ऐसे में कई पत्रकारों ने यह कहते हुए रिजाइन कर दिया, अब काम करने का मतलब जेल जाना है। दमन का काम बेरोकटोक जारी रहा। जब अखबार के मुख्य संपादक को गिरफ्तार किया गया तो उसके अगले दिन एप्पल डेली ने 5 लाख अखबार की कॉपियां छापी तो सभी प्रतियां कुछ ही देर में बिक गई। हांगकांग की सड़कों पर अखबार खरीदने के लिए लोगों की लंबी - लंबी कतारें देखी गईं। एप्पल को यह बेशुमार प्यार उसके रीडर्स का अनमोल तोहफा था। अखबार के पास अब ना काम करने के लिए पत्रकार बचे थे और ना ही पैसे। ड्रैगन के संकेत पर हांगकांग के निजाम ने टॉर्चर में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। चंद दिनों पहले अखबार के भविष्य को लेकर बोर्ड की मीटिंग हो रही थी, उस वक्त भी न्यूजरूम में सैकड़ों पुलिसवाले आ धमके थे और दो जर्नलिस्ट को गिरफ्तार करके चले गए। इसके बाद अखबार ने घोषणा कि 26 सालों के बाद अब एप्पल डेली अखबार बंद हो जाएगा। अंततः 24/25 जून को शटडाउन भी हो गया। जिमी लाई ने 1995 में नेक्स्ट डिजिटल पब्लिशिंग की स्थापना की थी। एप्पल डेली अखबार का विजन साफ था...लोकतंत्र की आवाज बनना और कम्युनिस्ट पार्टी के काले कारनामों को बेनकाब करना। जिमी लाई मूल रूप से चीन के रहने वाले हैं लेकिन बेहद कम उम्र में ही चीन से भागकर वह हांगकांग आ गए थे। अखबार के जरिए उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के काले कारनामों की इतनी तीखी आलोचना की, कि चीन की सरकार बौखला गई। यह सच है, हांगकांग में इस निडर अखबार की लोकप्रियता बेहद कम वक्त में चरम पर पहुंच गई थी,क्योंकि प्रो डेमोक्रेसी वालों के हर दिल अजीज इस अखबार ने अपनी ठोस संपादकीय से हांगकांग की विचारधारा पर गहरा प्रभाव डाला। लोकतंत्र के प्रबल समर्थक के रूप में विख्यात हो गया । इस अखबार ने हांगकांग में रहने वाले चीन के एजेंट्स को बेनकाब किया।

परिसीमन से बदलेगी जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक तस्वीर

आशीष वशिष्ठ

फारुख, उमर और महबूबा ने परिसमीन के बारे में जो सवाल मीटिंग में किया। उसके जवाब में केंद्र का कहना था कि अतीत में भी विशेष स्थिति का फायदा उठाकर परिसीमन टाला जाता रहा जिससे कि घाटी में जम्मू अंचल से ज्यादा सीटें होने से राजनीतिक असंतुलन बना रहा। इसे धार्मिक चश्मे से भी देखा जाता है क्योंकि घाटी में मुस्लिम जनसंख्या 95 फीसदी से ज्यादा है जबकि जम्मू में हिन्दू और सिख बहुमत में हैं। 5 अगस्त 2019 को जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाते हुए उससे राज्य का दर्जा वापस लिया गया तो उसके बाद यह दो केंद्रशासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बंट गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने यहां नए सिरे से विधानसभा और संसद की सीटों को बनाने के लिए पिछले साल फरवरी में एक विशेष परिसीमन आयोग का गठन किया था। तीन सदस्यों के इस आयोग को सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज रंजन प्रकाश देसाई हेड कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने एवं उसे केंद्रशासित प्रदेश बनाए जाने के करीब दो साल बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने वहां राजनीतिक अनिश्चितता खत्म करने की पहल की है। इसी दिशा में बढ़ते हुए केंद्र ने 24 जून को सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर जम्मू-कश्मीर की विभिन्न पार्टियों के नेताओं की जो बैठक दिल्ली में हुई उसमें केंद्र सरकार ने न तो धारा 370 हटाने संबंधी आश्वासन दिया और न लद्दाख को दोबारा जम्मू-कश्मीर में मिलाने का। फारुख और उमर अब्दुल्ला दोनों ने बाद में ये कहा भी कि 370 पर सर्वोच्च न्यायालय का जो भी फैसला होगा वे उसे मान्य करेंगे। महबूबा मुफ्ती ने जरूर तीखे तेवर दिखलाये लेकिन किसी का समर्थन नहीं मिलने से वे अलग-थलग पड़ गईं। विशेष तौर से पाकिस्तान से बात करने संबंधी उनके बयान का किसी ने भी संज्ञान नहीं लिया।

इस बैठक का मुख्य एजेंडा परिसीमन रहा। असल में राज्य को दो हिस्सों में बांटने के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन जरूरी हो गया था। उक्त बैठक में केंद्र ने विधानसभा चुनाव के पूर्व सीटों के परिसीमन की जरूरत बताते हुए पूर्ण राज्य का दर्जा उसके बाद देने की बात कही। जबकि फारुख, उमर और महबूबा का कहना था कि दोबारा जब पूरे देश में परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो तब जम्मू-कश्मीर को भी उसमें शरीक किया जावे। चुनावी दृष्टिकोण से परिसीमन एक अहम प्रक्रिया है।

गौरतलब है कि 6 मार्च, 2020 को गठित परिसीमन आयोग को इस साल मार्च में एक साल का विस्तार दिया गया था। जनसंख्या बदलाव के साथ सभी को समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए ऐसा किया जाता है। हर जनगणना के बाद परिसीमन की प्रक्रिया चलाई जा सकती है। जम्मू-कश्मीर में परिसीमन इसलिए देश के दूसरे हिस्सों से अलग था क्योंकि अनुच्छेद 370 के तहत ऐसा कराने का विशेषाधिकार राज्य विधानसभा के पास था। परिसीमन के आधार पर कम जनप्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में संतुलन बनाने

की कोशिश होती है। साथ ही आरक्षित सीटों के प्रतिनिधित्व को भी नए सिरे से तय करने का रास्ता खोलता है।इस प्रक्रिया के जरिये विधानसभा सीटों की संख्या में भी बदलाव हो सकता है। परिसीमन की इस प्रक्रिया में क्षेत्र विशेष के राजनेताओं का प्रतिनिधित्व जरूरी होता है।

कमेटी को एक साल में रिपोर्ट देनी थी लेकिन कोविड के कारण ऐसा नहीं हो सका। कमेटी को अपनी रिपोर्ट देने के लिए एक साल का विस्तार और दिया गया है। पिछले कुछ दिनों से तमाम राजनीतिक दलों और अधिकारियों के साथ परिसीमन आयोग की लगातार मीटिंग हो रही है। माना जा रहा है कि इस साल अगस्त महीने तक परिसीमन आयोग अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप सकता है। आम सहमति बनाने के लिए आयोग ने पांच राजनीतिक दलों के नेताओं को भी इसका मेंबर बनाया था, जिसमें फारूक अब्दुल्ला, मोहम्मद अकबर लोन, हसनैन मसूदी, जितेंद्र सिंह और जुगल किशोर शर्मा शामिल हैं।

प्रस्तावित परिसीमन में जम्मू क्षेत्र में सात सीटें बढनी हैं जिसे लेकर नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी परेशान हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार की तरफ से कहा कि स्थितियां पूर्णतः सामान्य होने पर जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने सरकार प्रतिबद्ध है किन्तु परिसीमन प्रक्रिया रोकने पर उन्होंने कोई आश्वासन नहीं दिया। इसी तरह से लद्दाख और धारा 370 की वापिसी पर किसी भी तरह के आश्वासन से भी सरकार बचती रही। उस दृष्टि से देखें तो घाटी के नेता खाली हाथ आये थे और वैसे ही लौटे भी। चुनाव करवाने और पूर्ण राज्य का दर्जा देने के पहले नई सीटों के लिए परिसीमन का पेंच फंसाकर केंद्र ने बैठक में उन छोटे दलों को सम्मोहित कर लिया जो घाटी में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार के एकाधिकार के बीच अपनी जगह बनाने प्रयासरत हैं। उनको ये समझ आ चुका है कि न 370 बहाल होगी और न ही लद्दाख वापिस मिलेगा। नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी की तरह अपना मुख्यमंत्री बनाने की चाहत भी छोटी पार्टियों में नहीं है। इसलिए वे इस बात से ही खुश हैं कि चुनाव होने से उनकी भी हैसियत में कुछ वृद्धि हो जायेगी। बैठक में कांग्रेस के प्रतिनिधि के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद जरूर मौजूद रहे लेकिन घाटी की सियासत में उनका विशेष महत्व नहीं बचा है। हालाँकि उन्होंने 370 और पूर्ण राज्य का दर्जा जैसे मुद्दों पर तो अब्दुल्ला और मुफ्ती का समर्थन किया किन्तु उनकी बातों में प्रधानमंत्री के प्रति जो प्रशंसा भाव दिखा वह काबिले गौर था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अक्सर हम कहते

अक्सर हम कहते हैं आज हमारे बच्चों को हिंदी की गिनती तक नहीं आती किंतु क्या हमें भारतीय मास एवं तिथि का पता है क्या हम किसी भयंकर षड्यंत्र के शिकार हैं.. कितनी चालाकी से हमें हमारी जड़ों से दूर कर दिया गया ..हमारी पहचान खत्म करने की कोशिश की गई.. और हमें पता तक नहीं चला.. अभी भी समय है बचा लो अपनी विरासत। - **मनोज स्वाईन**

जता देते मुहब्बत

जता देते मुहब्बत हो गई थी तुम्हें मुझसे मुहब्बत हो गई थी यूँ तो इंकार कर सकती थी लेकिन मुझे उससे मुहब्बत हो गई थी ज़माना पूछता है आज तक ये तुम्हें किससे मुहब्बत हो गई थी था कोई तीसरा भी उस सफ़र में जिसे उससे मुहब्बत हो गई थी स्वयं को बेवफ़ा साबित किया था कि सौतन से मुहब्बत हो गई थी। - **ममता लड़ीवाल**

ख़ास पाती

उतर स्वर्ग से उज्जवल रूपा

उतर स्वर्ग से उज्जवल रूपा भाव तरङ्गित सौंदर्य अनूपाफिसल गिरि के अञ्चल से,करके शिशु किलक नाद ! बहती हो स्वच्छंद दिशा में, लेकर निज-प्रेम आह्लाद ॥शिव मनन उर में लगन किन मृदु भावों में मगन उद्वलित हो प्रति क्षण कर अपना शुचि संकेत! कर रही मानस को मेरे,प्रवल रूप से नित्य सचेत!! बतलाओ तुम अपना संकल्प ,अचल, अतुल, अविदित,विकल्प जिससे कभी मिलेगा मुझको, सफल कामनाओं का सार ! पाऊँ मैं भी मानस में अपने तुम-सा ही आह्लाद अपार। - **डॉ मेनका त्रिपाठी**

जब पहली बार मैंने तुझे देखा

जब पहली बार मैंने तुझे देखा था, स्कूल की बैंच पर लड़कियों की बगल में, याद है, तुम शर्मा गई थी, कनखियों में झाकती कि जैसे छू लिया हो किसी ने छुईमुई को धीरे- से। जानती हो, वह एक नजर बन गई अमर, जैसे विधि ने गढ़ा हो तुझे मेरे लिए सिर्फ मेरे लिए। पर तुम, मुड़कर निकल गई थी, जैसे कोई नदी लोट गई हो सागर की चाहत को भूल झरने की तलाश में। पर मैंने पा ही लिया तुझे आवाज देकर किसी नवजात के वात्सल्य के लिए उमड़ती ममता सा । - **हेमराज सिंह**

कहते है तुम सबसे बड़े दाता

कहते है तुम सबसे बड़े दाता हो लेकिन कैसे मान लिया जाये यह सच है ? सदियों से गरीबी और बदअमनी से तंग आदमी माँगता आया है तुमसे शांति और खुशहाली लेकिन तुम उसकी यह दुआ कभी कबूल नही करते इससे लगता है कि तुम्हारा साम्राज्य भी दुःख पर खड़ा है और तुम इसे खोना नही चाहते हो इसलिए आदमी को बैठाये हुए हो घुटनों पर ! - **जावेद उस्मानी**

हिज़्र का मौसम नुमाया है न तू

हिज़्र का मौसम नुमाया है न तू गया ही न तू आया है। मलाल तो कोई लफ्ज़ नहीं इश्क़ का ये चौथा पाया है बाद तेरे ख़्याल की खुश्बू है दुआ दर्द एक सा हो आया है सोच रे बन्दे कुछ तो सोच रे ये पैबंद तूने ही तो बनाया है रंग की पानी से ही प्रीत है तूने मैंने ये कर दिखाया है दरख़्त छांव का घर नहीं जिस्म रूह लिवा लाया है मैं अपना खंजर ख़ुद चुनूँगी देखूं..कौन मेरा कब पराया है चुप्पियां ख़तों पर रसीद नहीं ना आने का पूरा किराया है। - **कल्पना पाण्डेय**

तोड़कर संबंध सब जब तुम गए

तोड़कर संबंध सब जब तुम गए इस जगत में हम अकेले रह गए।। चीखती ही रह गई तन्हाइयां साधनाएं जब पराजित हो गई मौन धारे रह गए हम राह में ऐषणाएं जब से प्लावित हो गई।। छोड़कर अनुबंध सब जब तुम गए, इस जगत में हम अकेले रह गए। - **गोविन्द शर्मा**

पथरीली राहें फैलाए बाहें जल की

पथरीली राहें फैलाए बाहें जल की चाह में हम चलती जाएँ सुबह और शाम है ये एक जरूरी काम बिन जल कटे न पल दुरूह राहें रोक न पाएँजीवन की दौड़ ऐसे ही चलती मिलते पत्थर मिलते गड्ढ़े हम गिरते और सम्भल जाते चलना ही जीवन है यूँ जैसे चलायमान ही मन है।- **सीमा मधुरिमा**

उस घर की आत्मा मर चुकी होती



उस घर की आत्मा मर चुकी होती है जहां माँ बाप अपनी औलादों को सिखाते है दूसरो की माँ बहनों का तिरस्कार करना और उन पर कुदृष्टि रखना ऐसे घर मे न कभी देव दृष्टि हो सकती न कभी उन्नति। इसलिए अपने घर की आत्मा को कभी मरने मत देना। **-प्रिया मिश्र वेंणी**

QUIZ TIME

1) नंदराज पहाड़ी कहाँ स्थित है?
2) ईब नदी का उद्गम स्थान कहाँ है?
3) शाकम्भरी योजना कब प्रारंभ हुआ था?
4) छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल का गठन कब किया गया?
5) 23 मार्च 1922 में रायपुर में आयोजित जिला राजनीतिक सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक को मुफ्त प्रवेश पत्र देने से इंकार करने पर पुलिस ने किसे गिरफ्तार किया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दंतेवाड़ा (2) खुड़िया पठार (3) 2005-06 (4) 18 जनवरी, 2002 (5) पं. सुंदरलाल शर्मा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1777: अमेरिका के वोरमोंट शहर में दास प्रथा की समाप्ति। 1781: मैसूर के सुल्तान हैदर अली और अंग्रेज सेना में पोर्टो नोवो (अब परांगीपेट्टई) का युद्ध हुआ।1897: इतालवी वैज्ञानिक गुगलेल्मो मारकोनी को लंदन में रेडियो का पेटेंट मिला। 1911: अमेरिका ने कोलंबिया के साथ राजनयिक संबंधों को समाप्त कर वहां के वाणिज्य दूतावास को भी बंद किया। 1916: भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग की स्थापना हुई। 1962: पहला वॉलमार्ट स्टोर कारोबार के लिए रोजर, अर्कंसास में खोला गया। 1972: भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1983: स्वदेश निर्मित परमाणु बिजली केंद्र की पहली इकाई ने मद्रास के निकट कलपक्कम में काम करना शुरू किया। 1990: सऊदी अरब में मक्का-मीना में भगदड़ से 1,426 हज यात्रियों की मौत। 2002: स्टीव फोसेट गुब्बारे के जरिए दुनिया का भ्रमण करने वाले पहले व्यक्ति बने। 2010: कांगो में टैंकर ट्रक विस्फोट में 230 लोगों की मौत हो गई। 2015: फिलीपींस में 220 यात्रियों से भरी नौका डूबने से 62 लोगों की मौत।

अनुष्का का दुपट्टा खींचते नजर आए विराट कोहली

मुंबई। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इंग्लैंड में हैं। इस बीच उनके फैंस उनकी नई-पुरानी तस्वीरें वायरल कर रहे हैं। अनुष्का अपने इंस्टाग्राम पर भी कई तस्वीरें शेयर कर रही हैं। एक फैन पेज पर विराट-अनुष्का की शादी के पहले की कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। ये फोटोज जहीर खान के रिसेप्शन की हैं। विराट फोटोज में मस्ती करते और अनुष्का का दुपट्टा खींचकर डांस करते दिख रहे हैं। virushka.destiny फैनपेज पर विराट और अनुष्का की कई अनदेखी तस्वीरें हैं। इसी पेज पर रीसेंट तस्वीर भी है, जिसमें अनुष्का बेटी वामिका को लेकर यूके में टहलने निकली हैं। जहीर और सागरिका के रिसेप्शन की कई ब्लैक ऐंड वाइट अनदेखी तस्वीरें भी इस पेज पर हैं।

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा बीती जनवरी पेरेंट्स बने हैं। उनकी बेटी वामिका को देखने का फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज है। पपराजी आते-जाते अनुष्का को बेटी के साथ कैप्चर करते हैं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। हालांकि विराट पिता बनने के बाद मीडिया से रिक्वेस्ट कर चुके हैं कि वह और अनुष्का काफी स्टोरीज देते हैं, उनकी बेटी को न्यूज आइटम न बनाएं।

मंदिरा बेदी ने तोड़ी रुढ़िवादिता

पति के अंतिम संस्कार में शामिल होकर निभाई रस्म



मुंबई। मंदिरा बेदी के पति और फिल्ममेकर राज कौशल के अचानक निधन से हर कोई दुखी है। बुधवार सुबह कार्डिएक अरेस्ट ने उनकी जान ले ली। उनके अंतिम संस्कार में इंडस्ट्री के कई लोग शामिल हुए। इस मौके पर हर किसी की आंखें नम थीं। मंदिरा बेदी राज कौशल के अंतिम संस्कार में शामिल हुई और उन्होंने पति को आखिरी विदाई दी। राज कौशल के अंतिम संस्कार की रस्म में मंदिरा ने हिस्सा लिया। भारत में ये रस्म ज्यादातर पुरुष निभाते हैं। पति को आखिरी विदाई देते वक्त मंदिरा को रोते देख सबकी आंखों में आंसू थे। मंदिरा के दोस्तों ने उन्हें संभाला। इस दुख की घड़ी में मंदिरा के साथ रोनित रॉय, आशीष चौधरी और डीनो मोरिया मौजूद थे।

राज कौशल ठीक-ठाक थे। बीते रविवार उन्होंने नेहा धूपिया और अंगद बेदी के साथ पार्टी की थी। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट की थीं। बुधवार को अचानक उनके निधन की खबर से हर कोई शॉक में है। राज के दोस्तों ने सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दुख जताया है। मंदिरा और राज बेदी ने 14 फरवरी 1999 में शादी की थी। दोनों की मुलाकात 1996 में एक ऑडिशन के दौरान हुई थी और दोस्ती प्यार में बदल गई। शुरुआत में मंदिरा के पेरेंट्स इस शादी के लिए तैयार नहीं थे।

अक्षय कुमार के म्यूजिक वीडियो 'फिल्हाल 2 मोहब्बत' के टीजर ने मचायी धूम

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार के अपकमिंग म्यूजिक वीडियो 'फिल्हाल 2 मोहब्बत' के टीजर ने धूम मचा दी है। अक्षय कुमार का म्यूजिक वीडियो फिलहाल 2019 में रिलीज़ हुआ था और इसने कई सारे रिकॉर्ड बनाए हैं, यह हाल ही में यूटयूब पर एक बिलियन मार्क पार करने वाले भारत के पहले गीतों में से एक बन गया है।अभी हाल ही में इस गाने के सीक्वल की घोषणा की गई थी,जिससे प्रशंसकों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है , हर कोई फिलहाल 2 मोहब्बत के गाने को देखने सुनने के लिए बेकरार है। ऐसे में निर्माताओं ने फिलहाल 2 का टीजर रिलीज़ कर दिया है।रिलीज के कुछ ही घंटो के भीतर इसने इंटरनेट पर धूम मचा दी है।इसे अभी तक (सभी प्लेटफार्मों पर) 11 मिलियन से अधिक बार देखा गया है। टीज़र को मिली अपार प्रतिक्रिया को देख , 06 जुलाई को होने वाले गाने के लॉन्च से उम्मीद कुछ और अधिक बढ़ गई है। गौरतलब है कि 'फिलहाल 2 मोहब्बत' में अक्षय कुमार के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनॉन की बहन नुपुर सेनॉन नजर आ रही हैं। गाने को मशहूर पंजाबी सिंगर बी प्राक ने अपनी आवाज दी है।

सारा अली खान और जेहन हांडा के बीच डेटिंग के चर्चे तेज

मुंबई। सारा अली खान अपने दोस्तों के लिए फीलिंग्स का इजहार खुलकर करती हैं। उनकी रीसेंट इंस्टा स्टोरी चर्चा में है। इसमें उन्होंने एक शख्स के साथ फोटोज लगाए थे। तस्वीरें देखने के बाद लोग दोनों के अफेयर के कयास लगा रहे हैं। इस शख्स का नाम है जेहन हांडा। जेहन 'केदारनाथ' में असिस्टेंट डायरेक्टर रह चुके हैं। सारा ने इसी फिल्म से डेब्यू किया था। उनके साथ सुशांत सिंह राजपूत लीड रोल में थे। बॉलीवुड में साथ काम करने वालों का नाम जुड़ना आम बात है। सारा अली खान भी इससे अछूती नहीं हैं। कॉफी विद करण में जब सारा ने कार्तिक आर्यन की तारीफकी थी, इसके बाद दोनों की डेटिंग के चर्चे शुरू हो गए थे। उस बीच सारा और कार्तिक साथ में काफी वक्त गुजार रहे थे। हालांकि जल्द ही उनके ब्रेकअप की खबरें भी आ गईं। अब सारा के साथ केदारनाथ के असिस्टेंट डायरेक्टर जेहन हांडा की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। लोग दोनों के लिंकअप के कयास लगा रहे हैं।

न्यूज गैलरी

शेष आईपीएल 2021 सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे अधिकतर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

मेलबोर्न (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया की सफेद गेंद क्रिकेट टीम के कप्तान आरोन फिंच के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय कर्तव्य को छोड़ कर आईपीएल खेलना मुश्किल होगा ' सख्त टिप्पणी के बावजूद, अधिकतर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शेष आईपीएल 2021 सत्र के लिए उपलब्ध होंगे। शेष टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात में 18-20 सितंबर से 10-15 अक्टूबर तक खेले जाने की संभावना है।आईपीएल का शेष सत्र और टी-20 विश्व कप का दूसरा और अंतिम भाग संयुक्त अरब अमीरात में भी होने वाले हैं।

समझा जाता है कि पैट कमिंस को छोड़कर अधिकतर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, जिन्होंने लंबे समय से अपनी अनुपलब्धता की घोषणा की है, आईपीएल में भाग ले सकते हैं। इसमें वो खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने आगामी वेस्ट इंडीज और बंगलादेश दौरे से बाहर होने का फैसला लिया है। आईपीएल के पहले हिस्से में शामिल हुए 20 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में से नौ को वेस्ट इंडीज और बंगलादेश दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में चुना गया है। मुमकिन है कि ग्लेन मैक्सवेल, झाई रिचर्डसन, केन रिचर्डसन, मार्कस स्टॉयनिस और डेनियल सैम्स, जो व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए वेस्टइंडीज दौरे से बाहर हुए हैं अन्य कुछ खिलाड़ियों के साथ आईपीएल खेलने आ सकते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट सेट-अप में भी आईपीएल में खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए मूड है, जो टी-20 विश्व कप से ठीक पहले खेला जाना है।

इंग्लैंड ने भारत को पांच विकेट से हरा कर बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

टाउनटन (वार्ता)। मध्य क्रम की बल्लेबाज सोफिया डंकली (73) के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज केट क्रॉस (5/34) के गेंद से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने यहां बुधवार को दूसरे वनडे मुकाबले में भारत को पांच विकेट से हरा कर न केवल 2-0 से बढ़त बनाई, बल्कि तीन मैचों की सीरीज भी जीत ली। भारतीय महिला टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 221 रन बनाने में सफल रही। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने पारी की 15 गेंदें शेष रहते हुए पांच विकेट खो कर 225 रन बना लिए।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को 100 फीसदी दर्शकों की उम्मीद

मेलबोर्न (वार्ता)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अगले सीजन (2021-22) के लिए एमसीजी (मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड) में बॉक्सिंग डे एशेज टेस्ट के मद्देनजर भारी भीड़ की उम्मीद में 100 फीसदी क्षमता पर स्टेडियम्स की टिकटों की बिक्री करेगा, हालांकि देश भर में हो रहे लॉकडाउन ने लाइव मैच का हिस्सा बनने के लिए दर्शकों के सामने चुनौतियों पेश की हैं।

CRICKET AUSTRALIA

प्राथमिकता वाले सदस्यों के लिए बुधवार से टिकट उपलब्ध होने के बाद पांच जुलाई को जनता के बीच टिकटों की बिक्री होगी। एमसीजी शुरुआत में अपनी क्षमता की 85 फीसदी टिकटों की बिक्री कर पाएगा। उल्लेखनीय है कि 2020-21 सीजन के दौरान विभिन्न स्तरों पर भीड़ के आकार को प्रतिबंधित किया गया था। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी, ब्रिस्बेन और पर्थ शहर में वर्तमान में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ने ????के कारण लॉकडाउन है। तीनों शहरों ने व्यापक सीमा प्रतिबंधों के बीच अपनी प्रतियोगिताओं को जारी रखने के लिए दर्शकों की मौजूदगी को दरकिनार कर दिया है। ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय महिला टीम के बीच मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और टी-20 विश्व कप के बाद अफगानिस्तान इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज से पहले एक टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा, जो आठ दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होगा। इसके बाद जनवरी के अंत से महिला एशेज सीरीज होनी है, जबकि आस्ट्रेलियाई पुरुष टीम को फरवरी सफेद गेंद श्रृंखला में न्यूजीलैंड और श्रीलंका का सामना करना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) निक हॉकले ने एक बयान में कहा, ÷ हम पूरे ऑस्ट्रेलिया में आयोजन स्थलों और सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि टूर्नामेंट सुरक्षित रूप से आयोजित किए जाएं। हम उनके समर्थन की सराहना करते हैं। इन टूर्नामेंटों में कोरोना महामारी से संबंधित सरकारी प्रतिबंधों के कारण बैठने की क्षमता कम होने की स्थिति में हम निश्चित तौर पर प्रशंसकों को पूर्ण धनवापसी की गारंटी देते हैं। हॉकले ने हाल ही में एक बयान में कहा था कि उनका मानना है कि पिछली गर्मियों के अनुभव, जहां क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एक पूर्ण पेशेवर सीजन खेलने में सक्षम था, उसे अच्छी स्थिति में खड़ा करेंगे।

दर्शकों के बिना ओलंपिक आयोजन से इंकार नहीं : सुगा

टोक्यो (वार्ता)। जापान के प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा ने गुरुवार को कहा कि अगर कोरोना के कारण स्थिति बिगड़ती है तो दर्शकों के बिना ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के आयोजन से इंकार नहीं किया जा सकता है।

इससे पहले, जापान के कोरोना वायरस मामलों के प्रभारी मंत्री यासुतोशी निशिमुरा ने कई मौकों पर पुष्टि की है कि सरकार ओलंपिक में दर्शकों पर प्रतिबंध लगाने सहित कोरोना मामलों में वृद्धि के कारण सुरक्षा को कड़ा करने पर विचार कर रही है। टोक्यो में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक, शुरू में 2020 के लिए निर्धारित किया गया था। लेकिन महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया था।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सिंधु को भूमि आवंटन के दस्तावेज सौंपे

विजयवाड़ा (वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने यहां बुधवार को विशाखापटनम में बैडमिंटन अकादमी की स्थापना के लिए दो एकड़ जमीन के आवंटन के दस्तावेज बैडमिंटन चैंपियन पीवी सिंधू को सौंप दिए।

मुख्यमंत्री ने अपने कैंप कार्यालय में पीवी सिंधू को भूमि आवंटन के सरकारी आदेश की कॉपी सौंपते हुए उन्हें ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने राज्य की दो बैडमिंटन खिलाड़ियों सिंधू और आर सात्विक सैराज के साथ-साथ टोक्यो ओलंपिक 2020 में भाग लेने वाली राज्य की महिला हॉकी खिलाड़ी रजनी को पांच लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि सौंपी। रजनी की तरफ से उनके माता-पिता ने कार्यक्रम में भाग लिया और चेक प्राप्त किया। चित्तूर जिले की रहने वाली रजनी फिलहाल बेंगलुरु में प्रशिक्षण सत्र में भाग ले रही हैं। राज्य के पर्यटन, संस्कृति एवं युवा उन्नति मंत्री मुत्तमसेट्टी श्रीनिवास राव और प्रमुख सचिव राम गोपाल भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

विमान ईंधन के दाम लगातार दूसरी बार बढ़े

नई दिल्ली (वार्ता)। विमान ईंधन की कीमतों में एक पखवाड़े के अंतराल पर आज दूसरी बार बढ़ोतरी की गई जिससे हवाई किराया भी महँगा होने की आशंका है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से विमान ईंधन की कीमत 2,354.07 रुपये यानी 3.57 प्रतिशत बढ़कर 68,262.35 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। इससे पहले 16 जून को इसमें 2.68 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। विमान ईंधन के कीमतों की पाक्षिक समीक्षा होती है। इस साल 01 मई से अब तक पाँच बार विमान ईंधन के मूल्यों में बदलाव किया गया है। चार बार दाम बढ़ाये गये हैं जबकि 01 जून को करीब एक प्रतिशत की कटौती की गई थी। इस दौरान दिल्ली में इसकी कीमत 10,457.07 रुपये यानी 18.09 प्रतिशत बढ़ चुकी है। दूसरे शहरों में भी आज से विमान ईंधन महँगा हो गया है। मुंबई में इसका मूल्य 2,414.25 रुपये (3.77 प्रतिशत) बढ़कर 66,482.90 रुपये, कोलकाता में 2,289.38 रुपये (3.27 प्रतिशत) बढ़कर 72,295.24 रुपये और चेन्नई में 2,491.51 रुपये (3.69 प्रतिशत) बढ़कर 70,011.44 रुपये प्रति किलोलीटर पर पहुँच गया।

चालू खाता घाटा बढ़कर जीडीपी के एक प्रतिशत पर

मुंबई (वार्ता)। वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में देश का चालू खाते का घाटा बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के एक प्रतिशत पर पहुँच गया। रिजर्व बैंक ने आज बताया कि 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही में चालू खाते का घाटा 8.1 अरब डॉलर रहा जो जीडीपी का एक प्रतिशत है। इससे पहले 31 दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही में यह आँकड़ा 2.2 अरब डॉलर रहा था जो जीडीपी का 0.3 प्रतिशत है। वहीं वित्त वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में चालू खाते में 0.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.1 प्रतिशत) का लाभ हुआ था। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में चालू खाते में घाटा होने की मुख्य वजह व्यापार में निर्यात की तुलना में आयात अधिक होना है। हालाँकि सेवा क्षेत्र में भुगतान संतुलन देश के पक्ष में रहा है।

लगातार दूसरे दिन स्थिर रहे पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल के दाम गुरुवार को लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड स्तर पर स्थिर रहे। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, आज दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 98.81 रुपये और डीजल की कीमत 89.18 रुपये प्रति लीटर के उच्चतम स्तर पर अपरिवर्तित रही। दिल्ली में जून में पेट्रोल का मूल्य 4.58 रुपये और डीजल की कीमत 4.03 रुपये बढ़ी थी। इससे पहले मई में भी पेट्रोल 3.83 रुपये और डीजल 4.42 रुपये महँगा हुआ था। इस प्रकार दो महीने में पेट्रोल 8.41 रुपये (9.30 प्रतिशत) और डीजल 8.45 रुपये (10.47 प्रतिशत) महँगा हो चुका है। देश के दूसरे शहरों में भी आज दोनों जीवाश्म ईंधनों के मूल्यों में कोई बदलाव नहीं हुआ। मुंबई में पेट्रोल 104.90 रुपये और डीजल 96.72 रुपये प्रति लीटर के रिकॉर्ड स्तर पर स्थिर रहा। चेन्नई में पेट्रोल 99.80 रुपये और कोलकाता में 98.64 रुपये प्रति लीटर बिका। एक लीटर डीजल की कीमत चेन्नई में 93.72 रुपये और कोलकाता में 92.03 रुपये प्रति लीटर रही।

विनिर्माण क्षेत्र में जून में गिरावट : रिपोर्ट

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए लगाये गये सख्त प्रतिबंधों के कारण जून में भारत के विनिर्माण क्षेत्र में 11 महीने में पहली बार गिरावट देखी गई। आईएचएस मार्किट द्वारा आज जारी विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून में घटकर 48.1 पर आ गया। मई में यह 50.8 पर रहा था। सूचकांक का 50 से ऊपर होना वृद्धि और इससे नीचे रहना गिरावट दर्शाता है जबकि 50 निरपेक्षता का स्तर है। जुलाई 2020 के बाद पहली बार देश के विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट रही है। आईएचएस मार्किट माह दर माह आधार पर विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आँकड़े जारी करता है। आईएचएस मार्किट की इकोनॉमिक्स एसोसिएट डायरेक्टर पॉलियाना डी लीमा ने कहा ÷भारत में कोविड-19 संकट गहराने से विनिर्माण अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। नये ऑर्डर, उत्पादन, निर्यात और इनपुट खरीद की वृद्धि का क्रम जून में थम गया।

पर्यटन | दिल्ली हवाई अड्डे पर जून में घरेलू यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी

प्रतिबंधों में ढील के साथ ही छुट्टियां मनाने निकलने लगे लोग

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 के मामलों में कमी और राज्य सरकारों द्वारा प्रतिबंधों में छूट मिलने के साथ जून में छुट्टियाँ मनाने के लिए जाने वालों की संख्या भी बढ़ गई।

दिल्ली के इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों के बीच कराये गये एक सर्वेक्षण में पता चला है कि जून में यात्रा करने वाले 25 प्रतिशत यात्री छुट्टियाँ मनाने जा रहे थे। यह संख्या कोविड-पूर्व काल में जून 2019 के 44 प्रतिशत से काफी कम है, लेकिन जून 2020 के दो प्रतिशत की तुलना में काफी अधिक है जब दो महीने बाद घरेलू मार्गों पर नियमिति यात्री उड़ान दुबारा शुरू करने की अनुमति दी गई थी।

हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने आज जारी एक श्वेत पत्र में कहा कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के मद्देनजर कई राज्यों द्वारा लगाये गये लॉकडाउन और यात्रा संबंधी प्रतिबंधों के कारण हवाई यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई थी। जून में कई राज्यों द्वारा लॉकडाउन और यात्रा की शर्तों में ढील के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों की संख्या स्थिर गति से बढ़ रही है।÷

डायल ने बताया कि जून में 48 प्रतिशत यात्री अपने परिजनों या दोस्तों से मिलने के लिए सफर कर रहे थे, 25 प्रतिशत छुट्टियाँ मनाने जा रहे थे जबकि 19 प्रतिशत लोग कारोबार संबंधी कारणों से यात्रा कर रहे थे।

पिछले साल जून में दो महीने के लॉकडाउन के बाद यात्रा करने वालों में अधिकतर लोग अपने परिजनों और दोस्तों से मिलने जा रहे थे जबकि मात्र दो प्रतिशत छुट्टियाँ मनाने जा रहे थे। कोविड-पूर्व जून 2019 में 44 प्रतिशत यात्री छुट्टी मनाने गये थे जबकि परिजनों और दोस्तों से मिलने जाने वालों का अनुपात 41 प्रतिशत था।

दिल्ली हवाई अड्डे पर जून में घरेलू यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी। मई के मध्य में रोजाना औसतन 18,000 यात्री सफर कर रहे थे जिनकी संख्या जून के अंत तक बढ़कर 62,000 प्रति दिन पर पहुँच गई। विदेश जाने वाले यात्रियों की संख्या भी 4,500 प्रति दिन से बढ़कर 7,500 प्रति दिन पर पहुँच गई।

मई और जून में दिल्ली हवाई अड्डे से सबसे ज्यादा यात्री मुंबई के लिए रवाना हुये। इसके बाद पटना, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, लेह, चेन्नई, अहमदाबाद, कोलकाता और जम्मू-कश्मीर का स्थान रहा।

सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले 51 प्रतिशत यात्रियों ने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे से यात्रा करते समय वे 'बेहद आश्वस्त' महसूस करते हैं जबकि अन्य 48 प्रतिशत ने 'समुचित रूप से आश्वस्त' होने की बात कही।

देश में ही बनेगी स्टाइरिन, इंडियन ऑयल करेगी निवेश

नई दिल्ली (वार्ता)। रबड़, पेंट तथा अन्य उद्योगों में इस्तेमाल होने वाली स्टाइरिन के देश में निर्माण के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन 4,495 करोड़ रुपये की लागत से संयंत्र स्थापित करेगी।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के निदेशक मंडल ने बुधवार को इस संबंध में पहले चरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह देश का पहला स्टाइरिन संयंत्र होगा। इस समय इसका पूरी तरह आयात होता है।

कंपनी ने बताया कि 'स्टाइरिन मोनोमर परियोजना' की क्षमता 3.87 लाख टन सालाना होगी और इसके क्रियान्वयन में 4,495 करोड़ रुपये के पूँजी निवेश का अनुमान है। यह संयंत्र इंडियन ऑयल के पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल परिसर में लगाया जायेगा। स्टाइरिन बनाने के लिए इथिलीन कंपनी की इंडमैक्स इकाई से लिया जायेगा जबकि बेंजीन का उत्पादन पानीपत परिसर में ही होता है। इस समय देश में हर साल करीब नौ लाख टन स्टाइरिन की खपत होती है जो पूरी तरह विदेश से मँगाई जाती है। भविष्य में माँग और बढ़ने की संभावना है। स्वदेशी संयंत्र में उत्पादन शुरू होने से 50 करोड़ डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकेगी। स्टाइरिन का उत्पादन पॉली स्टाइरिन, पेंट और कोटिंग्स, असंतृप्त पॉलीस्टर रेजिन और एक्रिलोनाइट्राइल ब्यूटाडाइन स्टाइरिन तथा स्टाइरिन-ब्यूटाडाइन रबड़ जैसे इलास्टोमर बनाने में किया जाता है।

दिव्यांगता को नहीं आने दिया आड़े, घर में सबसे पहले लगवाया टीका

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। रायपुर लाखे नगर की रहने वाली करुणा अठवानी ने परिवार और समाज के लिए बेहतरीन मिसाल दी है। दिव्यांगता को आड़े नहीं आने देकर उसने अपने संयुक्त परिवार में सबसे पहले कोरोना से बचाव का टीका लगवायाद्य यह टीका करुणा ने खो-खो पारा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) पर स्वंय जाकर लगवाया। करुणा अठवानी कहती हैंरू''मेरी बेस्ट फ्रेंड मुस्कान लेखवानी ने मुझसे फोन करके बताया कि वह कोविड-19 का टीका लगवाने जा रही है और जानना चाह की क्या मै भी चलूँगी उसका साथ? मैंने डॉक्टर से सलाह लेने के उपरांत और तीसरी लहर से परिवार और समाज को सुरक्षित करने के उद्देश्य से कोविड-19 का टीका लगवाया है। करुणा अकेले ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टीका लगवाने पहुंचीद्य मेरे साथ परिवार का कोई सदस्य भी नहीं था । उस समय मुझे बहुत अच्छा लगा जब टीकाकरण करने वाली सिस्टर ने मुझे मेरी ट्राईसाईकिल पर ही आकर वैक्सीनेशन लगवाया । टीकाकरण करने के बाद सिस्टर की मुस्कान में ृचींटी के काटने' जैसे एहसास को भी खत्म कर दिया । वैक्सीनेशन एक बहुत

सरल प्रक्रिया है । सामान्य इंजेक्शन जिस तरह से लगता है ठीक उसी प्रकार वैक्सीनेशन भी होता है । आधा घंटा मुझे ऑब्जर्वेशन में रखा गया, उसके बाद मैं अपनी ट्राईसाइकिल से वापस अपने घर आ गई, करुणा ने बताया। करुणा सभी से अपील करते हुए कहती हैरू जो भी लोग वैक्सीनेशन अभी तक नहीं करवाए हैं मै उनसे कहना चाहती हूं जब मैं दिव्यांग होकर भी एक कदम आगे बढ़ सकती हूं तो आप तो सक्षम हैं । आगे बढ़े और देश को कोविड-19 के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने के लिये टीकाकरण केंद्र पर जायें । कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करें ।

यही हमारी सच्ची राष्ट्रभक्ति होगी । खो-खो पारा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) में टीकाकरण कर रहीं सिस्टर कविता तिवारी कहती है करुणा जैसे लोग समाज के लिए एक मिसाल है जिन्होंने अपनी दिव्यांगता को अपने इरादों के आगे आने नहीं दिया उन्होंने संयुक्त परिवार में रहते हुए सबसे पहले टीकाकरण कराया है यह एक मिसाल है। यूपीएचसी के मेडिकल ऑफिसर डॉ.राहुल अग्रवाल बताते हैरूकेंद्र पर नियमित रूप से टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है । दिव्यांग या बुजुर्गों साथियों के लिए उनके वाहन तक पहुंच कर भी टीकाकरण कर देते हैं । गाइडलाइन के अनुसार आधा घंटा में ऑब्जर्वेशन में रखते हैं । टीकाकरण उपरांत पालन करने वाली समस्त समझाइश देखकर और फोन नंबर देकर भेजते हैं । अगर किसी भी प्रकार की दिक्कत आती है तो तुरंत 104 नंबर पर संपर्क करने के लिए कहा जाता है।

कोचिंग क्लास बैठक क्षमता के 50 प्रतिशत के साथ प्रारंभ करने की अनुमति, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

गरियाबंद (नव प्रदेश)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी निलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा कोविड-19 संक्रमण की स्थिति में क्रमशः सुधार होने से पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये आदेश जारी किया है कि स्कूल एवं कॉलेज विद्यार्थियों हेतु बंद रहेंगे किन्तु राज्य शासन के निर्देशानुसार ओपन स्कूल/कॉलेजों में बाह्य एवं आंतरिक मूल्यांकन की उत्तर-पुस्तिकाएँ जमा करने संबंधित विद्यार्थी कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जा सकेंगे. संबंधित प्राचार्य सुचारू व्यवस्था हेतु उत्तरदायी होगें। छात्रावास में केवल परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को आवास की अनुमति होगी।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत ऋण हेतु आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद (नव प्रदेश)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गरियाबंद द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2021-22 हेतु आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत सेवा इकाई हेतु अधिकतम 10 लाख रूपये एवं उद्योग इकाई हेतु 25 लाख रूपये तक राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से ऋण मुहैया कराया जाता है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक से मिली जानकारी अनुसार इच्छुक आवेदक जो गरियाबंद जिले के निवासी है वे अपने समस्त दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन पीएमईजीपी पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट केवीआईसीऑनलाईन डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाईन कर सकते हैं।

नई पहल | **किसानों से किया 5 साल का इकरारनामा**

लॉकडाउन में मालिक ने नहीं दी तनख्वाह, सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने शुरू की खेती

- रासायनिक खादों का नही करते प्रयोग
- साल में कमा रहे 30 लाख
- पिता को छोड़ परिवार को ये कारोबार पसंद नहीं, परिवार ने नही दिया साथ
- पाली हाउस तकनीक से करते है खेती

नव प्रदेश संवाददाता

खरोरा। रायपुर की एक निजी कंपनी में काम करने वाले कृपाल सिंह की किस्मत लॉकडाउन ने बदल डाली। पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर कृपाल सिंह रायपुर की एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे , जहाँ उन्हें तीस हजार रुपये महीनों की तनख्वाह मिलती थी, लेकिन लॉकडाउन में कंपनी ने उन्हें काम से निकाल दिया, और बेरोजगार कृपाल सिंह ने 3 महीने खाली रहने के बाद खरोरा समीप्रस्त ग्राम समोदा में 5 किसानों की 62 एकड़ जमीन रेघा में ली व सब्जी उत्पादन शुरू किया , वही से इनकी किस्मत ने करवट ली और इनका सब्जी का काम चल पड़ा। नौकरी करकर जहाँ साल भर में तीन लाख 60 हजार रुपये मिलते थे वही उन्हें पहले ही वर्ष लॉकडाउन होने के बावजूद तीस लाख रुपये की आमदनी हुई। किसान खुद खेती कर साल का एक से दो लाख रुपये कमाते थे , वही कृपाल सिंह उन्हें हर साल प्रति एकड़ दो लाख 40 हजार रुपये दे रहे ।

कृपाल सिंह ने बताया कि उनके पूरे खेत मे कही पर भी रसायनिक खादों का इस्तेमाल नही किया जाता सिर्फ वर्मीकम्पोस्ट(गोबर खाद) का इस्तेमाल करते है। कृपाल सिंह ने बताया कि वह सब्जियां मुंबई भेजते है, वहाँ सब्जियों के दाम अच्छे मिलते है। उन्होंने बताया कि वह मुख्य रूप से टमाटर, शिमला मिर्च, व भिंडी उगाते है, जिसके लिए वह पाली हाउस तकनिक का इस्तेमाल करते है , जिससे बेमौसम भी सब्जी उत्पादन कर सकते है ।

गौठानों में आयोजित हुआ रोका-छेका कार्यक्रम

कोरबा (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आह्वान पर जिले में आज से फसलों को खुली चराई से बचाने व्यापक रोका-छेका अभियान शुरू हो गया है। जिले के सभी गौठानों में इस अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। गौठानों में ग्रामीणों द्वारा रोका-छेका की व्यवस्था को अपने-अपने गांवो में शांति एवं सौहार्द्र पूर्ण तरीके से अपनाने एवं आगामी फसल कटाई तक पशुओं को चरने के लिए खुले में नहीं छोड़ने का शपथ लिया गया। इस दौरान गौठानों में पशु स्वास्थ्य शिविर, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री वितरण, किसानों को बीज मिनिकिट का वितरण, महिला समूहों द्वारा बनाए गए सामानों का प्रदर्शन, चरवाहों का सम्मान एवं पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू रोका-छेका अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड कटघोरा के ग्राम कोराई एवं विकासखण्ड पाली के ग्राम कपोट में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुईं। कटघोरा एवं पाली-तानाखार क्षेत्र के विधायकों सहित कलेक्टर ने गोधन की पूजा करके रोका-छेका अभियान की शुरूआत की। इस दौरान गौठानों में वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान ग्राम कोराई के कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता कंवर, नगर पालिका दीपका के अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान, जिला पंचायत के सीईओ श्री कुंदन कुमार, एसडीएम कटघोरा श्रीमती सूर्य किरण तिवारी सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग के अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणजन मौजूद रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मौसम विभाग के ...

बारिश की उम्मीद नहीं है लेकिन दूसरे हफ्ते के सेकंड हॉफ में इसके जोर पकड़ने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, 'जुलाई 2021 में देशभर में मासिक बारिश सामान्य (दीर्घावधि औसत में 94 से 106 प्रतिशत) रहने की संभावना है।' आईएमडी की तरफ से जुलाई के आखिर या फिर अगस्त की शुरुआत में मॉनसून सीजन के दूसरे हॉफको लेकर पूर्वानुमान जारी होगा।

मॉनसून के लिए बढ़ता ही जा रहा दिल्ली का इंतजार

दक्षिण पश्चिम मॉनसून देश के पूरे हिस्से में पहुंच गया है लेकिन हरियाणा, दिल्ली, पंजाब के कुछ हिस्से, पश्चिम राजस्थान और पश्चिम उत्तर प्रदेश अब भी इससे अछूते हैं। विभाग ने बुधवार को कहा था कि इन क्षेत्रों में मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां होने की फिलहाल कम संभावना है।

पशुओं को गौठानों तक...

का भी महत्वपूर्ण योगदान है। यह एक शुभ संकेत है कि छत्तीसगढ़ में खेती के प्रति लोगों का रूझान बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 5820 सक्रिय गौठानों में 416 करोड़ रूपए की लागत से अधोसंरचना विकसित की गई है। गौठानों में वर्मी बेड बनाए गए हैं, सोलर पंप और पैरा कटिंग मशीन की व्यवस्था की गई है। गोबर विक्रेताओं को गोबर के एवज में लगभग 96 करोड़ रूपए की राशि, महिला स्व सहायता समूहों को लाभांश की राशि 7 करोड़ 82 लाख रूपए तथा गौठान समितियों को 10 माह में 11 करोड़ 70 लाख रूपए की राशि वितरित की गई है। लगभग 3232 गौठानों में चारागाह विकास का काम चल रहा है।

एसबी के चीफ...

के पद पर कार्यरत हैं। सिंग 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। आईपीएस अफसर पर एसीबी की कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इस कार्रवाही के साथ ही प्रदेश के कई आईएएस असफरों पर एंटी करप्शन ब्यूरो की निगाहें बनी हुई है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने आज सुबह 6 बजे से ही कार्रवाई शुरू की है। फिलहाल यह कार्रवाही अभी भी जारी है। मिली जानकारी के अनुसार एसीबी इस छापे के मामले में अब तक कोई खुलासा नहीं किया है।

एसपी राहुल शर्मा की आत्महत्या में भी नाम शामिल

बिलासपुर एसपी राहुल शर्मा मार्च 2012 में आत्महत्या कर ली थी। तब जी.पी.सिंग बिलासपुर के IG थे। इस दौरान स्क्र राहुल शर्मा और IG जी.पी.सिंग के बीच कई बार विवाद की बात सामने आई थी। यही नहीं राहुल शर्मा के सुसाइड नोट में भी उन्होंने प्रताड़ना का आरोप लगाया। लेकिन जी.पी.सिंग पर जांच तो हुई पर उन पर कोई आंच नहीं आया। जिसको लेकर विरोध भी हुआ था, लेकिन जी.पी.सिंग को पदोन्नति भी मिल गई। आज भी समय समय पर राहुल शर्मा के आत्महत्या पर जांच के लिए दबाव बनाया जरूर जाता है लेकिन पूरा मामला अब ठंडे बस्ते में है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-60, दिनांक 25.06.21
वार्ड का नाम वार्ड- पं. दीनदयाल उपाध्याय-41

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-41 रालास एनक्लेव द्वितीय तल आवासीय ई-07 एरिया 1453 वर्गफुट बिल्टअप स्थित भूमि RPR569H00290 जो कि निगम अभिलेख में श्री जयंत बोस पिता स्व. श्री एन.के. बोस के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती वंदिता अग्रवाल पति श्री अंकित अग्रवाल ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ABDUL AZIZ BAILIM S/O ABDUL SATTAR निवासी H NO 151 BADI MASJID GALI DHAMTARI (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ABDUL AZIZ S/O ABDUL SATTAR रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ABDUL AZIZ S/O ABDUL SATTAR से ही जाना पहचाना जावे।

ABDUL AZIZ
H NO 151 BADI MASJID GALI
DHAMTARI (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KUM RAKHEE BHASIN W/O MANISH KUMAR SONI निवासी H. NO.-78/B, STREET-12, SMRITI NAGAR, BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490020 यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम PARAKH SONI W/O MANISH KUMAR SONI रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PARAKH SONI W/O MANISH KUMAR SONI से ही जाना पहचाना जावे।

PARAKH SONI
HOUSE NO.-78/B,
STREET-12,
SMRITI NAGAR, BHILAI,
DISTT.-DURG (C.G.) 490020

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-65, दिनांक 25.06.21
वार्ड का नाम वार्ड- पं. दीनदयाल

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-41 स्थित भवन JU. MIG-317 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती रश्मि सिंह w/o श्री वीर बहादुर सिंह के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती शालिनी अग्रवाल पति श्री चंद्रकुमार अग्रवाल ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवन क्र.-424 आबंटी श्री महेन्द्र पाल साहू पिता स्व. श्री नारायण प्रसाद साहू निवासी- एलआईजी-1241 सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भूखण्ड/भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भूखण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन का फ्री-होल्ड किए जाने मनें किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 65/2021-22
वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद-52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद- 52 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 52/22 खुशी वाटिका जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती शैल गुप्ता w/o चन्द्रेश, शांति गुप्ता D/o जी.एल. गुप्ता के नाम से दर्ज है, जिसको श्री रामनिवास गुप्ता s/o स्व. झुन्नुलाल गुप्ता ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 64/2021-22
वार्ड का नाम- रविन्द्रनाथ टैगोर-55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर-55 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 52/22 खुशी वाटिका जो कि निगम अभिलेख में श्री रामचंद देवानी s/o स्व.लालचंद देवानी , श्रीमती माया देवी देवानी w/o श्री रामचंद देवानी के नाम से दर्ज है, जिसको ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्र./क/बी-121/2021 रायपुर, 21.6.21
ग्राम नकटी रायपुर प.ह.नं.
तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री निरंजन राम यादव, पिता स्व. श्री जगनुराम यादव द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता स्व. श्री जगनु राम यादव पिता श्री कंगलू राम यादव की मृत्यु दिनांक 04.01.2020 को घर पर हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 04/07/2021 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21/06/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

कार्यपालन दण्डाधिकारी
रायपुर (छ.ग.)
सील

छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग

दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/ जलाऊ काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	नीलाम दिनांक व समय
दक्षिण कोंडागांव	कोंडागांव काष्ठागार	07/07/2021 प्रातः 9.00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज			अविक्रित वनोपज			निरस्त वनोपज		योग		
	ई.काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई.काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई.काष्ठ (घ.मी.)	डेंगरी (नग में)	ई.काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)	
सागौन	0.000	0	0	7.922	27	254	1.059	7	8.981	27	261
साल	1693.411	478	574	5640.295	3038	4048	4.620	58	7338.326	3516	4680
बीजा	30.674	7	25	246.360	25	62	0.000	0	277.034	32	87
साजा	51.525	97	52	149.532	79	78	0.000	0	201.057	176	130
हल्दू	4.915	22	10	17.063	0	5	0.000	0	21.978	22	15
शीशम	0.000	0	0	0.790	23	10	0.000	0	0.790	23	10
नीलगिरी	0.000	0	0	0.132	13	0	0.000	0	0.132	13	0
अन्य	59.406	142	87	304.030	1580	678	2.781	0	366.217	1722	765
जलाऊ				Fual Stack Sal 95=Misc. 2164 = 2259					Fial Stack Sal 95=Misc 2164= 2259		
औद्यो.बांस				1mtr=48000 Nog.20.000 No. Ton					1 mtr.= 48000 Nog20.000 No. Tom		
योग	**1839.931**	**746**	**748**	**6366.124**	**4785**	**5135**	**8.46**	**65**	**8214.515**	**5531**	**5948**

जिला यूनियन दक्षिण कोण्डागांव के गिरिराज कोल्ड स्टोर कोण्डागांव में भण्डारित वनोपज का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय के शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	अविक्रित वनोपज का नाम	संग्रहण वर्ष	वनोपज की मात्रा
1	इमली ब्रिक्स	2019	34.08 (क्विं. में)

दूरभाष क्रमांक- दक्षिण कोंडागांव वनमंडल (07786-242303)

(1) प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रुपए इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व वर्ष 2020 का पंजीयन प्रमाण पत्र, GST प्रमाण पत्र एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
(3) विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस GST कर एवं आयकर पेन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्कआर्डर जारी किया जावेगा।
(4) नीलाम में क्रय किए गए लाटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
(5) GST की राशि का भुगतान पृथक से दक्षिण कोंडागांव वनमंडल कोण्डागांव के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो कोंडागांव में देय हो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।
(6) कोरोना संक्रमण को देखते हुए सभी निविदाकार को मास्क लगाना अनिवार्य है।
(7) कोरोना संक्रमण के कारण सोशल डिस्टेंस/ फिजिकल डिस्टेंस को बनाए रखने के उद्देश्य से केवल निविदाकार ही नीलाम हाल में उपस्थित रहेंगे।

जी-61703/4

वनमंडलाधिकारी
दक्षिण कोंडागांव वनमंडल
कोंडागांव

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202106082200024
अ-20(1)/2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निरमोलक सिंह पिता सुजान सिंह साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्र. 17, भूखंड क्रमशः 78, 83/5 कुल क्षेत्रफल 22.00 वर्गमीटर भूखंड हेतु जारी नजूल संधारण खसरा में धारक निरमोलक सिंह पिता सुजान सिंह साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक निरमोलक सिंह पिता सुजान सिंह साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा शीट क्र. 17 भूखंड क्रमांक 78,83/5 क्षेत्रफल 22.00 वर्गमीटर को धारक निरमोलक सिंह पिता सुजान सिंह कवर्धा के नाम पर भूमि स्वामी हक प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः इस भूमि स्वामी हक के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 28/07/21 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 28/06/21 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 28/06/2021
पेशी दिनांक 28/07/2021

नजूल जांच अधिकारी
कबीरधाम
सील

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-240 श्री शारदा प्रसाद अवस्थी पिता श्री प्रकाश चंद्र अवस्थी को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 15.03.2012 को अपने नाम पर लीजडीड/ विक्रय विलेख/ नामांतरण पंजीयन कराने के उपरांत वर्तमान में श्रीमती शकुंतला वर्मा पति श्री लुकेश कुमार वर्मा निवासी- म.नं. 229, ग्राम खोरसी, पोस्ट भैंसा तहसी आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-63, दिनांक 25.06.21
वार्ड का नाम वार्ड- भक्त माता कर्मा-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-67 दंतेश्वरी मंदिर भाठागांव स्थित भूमि W/67/F100298 जो कि निगम अभिलेख में श्री अनिल कुमार साव s/o स्व. श्री एम.डी. साव के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती संतोषी साव w/o स्व. अनिल साव, तृप्ति साव, जागृति साव D/o स्व. अनिल कुमार ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-325 श्री कोशलेश वर्मा पिता श्री रामप्रसाद वर्मा को स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 11.12.2012 को अपने नाम पर लीजडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त आबंटी की मृत्यु दिनांक 29.07.2016 को हो जाने के कारण नामिनी उनकी धर्मपत्नी श्रीमती जानकी वर्मा पति स्व. श्री कोशलेश वर्मा के नाम पर पत्र क्रमांक 272 दिनांक 03.03.2020 को नामांतरण करने के उपरांत श्रीमती जानकी वर्मा पति स्व. श्री कोशलेश वर्मा द्वारा वर्तमान में 1. श्री रविन्द्र सिंह ध्रुव पिता श्री रामचरण ध्रुव एवं 2. श्रीमती रानी ध्रुव पति श्री रविन्द्र सिंह ध्रुव दोनों निवासी- द्वारा मोहन पटेल, पटेल बाड़ा, मोवा थाना के पास, मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी कबीर नगर फेस-III रायपुर में निर्मित K.B.T. में से भवन/भूखण्ड क्र. K.B.T.248A में श्री मंगेश नारायण राऊत पिता श्री नारायण राव राऊत को स्ववित्तीय/एकमुश्त/आफर आधार पर आबंटित/ नामांतरण किया गया है। उनके द्वारा दि. 13/04/2010 को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्रीमती संध्या मिश्रा पति श्री विनीत मिश्रा के पक्ष में दिनांक 26/6/2019 को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/ भूखण्ड क्रेता श्रीमती संध्या मिश्रा पति श्री विनीत मिश्रा के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

समस्त वर्गों को निशुल्क वैक्सीनेशन प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद, आभार

बेरला/बेमेतरा (नव प्रदेश)। भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ हेल्पडेस्क के माध्यम से समस्त वैक्सीनेशन सेंटरों मे आमजन की सेवा सहयोग कर वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया गया। देश के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त का कार्यक्रम आज बेरला मंडल के नगर पंचायत बेरला वार्ड नंबर 12 में किया गया। इस वैक्सीनेशन कार्य का बेमेतरा पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आम जनता को सहज व सुगमता पूर्वक लगाने की बात कहीं। जिसमें मुख्य रूप से बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित महेश्वरी, भाजयुमो महामंत्री योगेश वर्मा, भाजयुमो बेरला मंडल अध्यक्ष दीक्षांत साहु, पार्षद शिवझडी सिन्हा, बलराम यादव, युगल पाटिल, पुरूषोतम यादव, राजू जायसवाल, लेखराम साहु, यशवंत साहु आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नपं साजा में रोका छैका अभियान का शुभारंभ एवं पौधारोपण

साजा (नव प्रदेश)। नगर पंचायत साजा में रोका छैका अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें निकाय में निर्मित कांजी हाऊस में नगर में घूम रहे पशुओ को अभिरक्षा में रखा गया हैं, जिसके लिये पैरा की उचित व्यवस्था किया गया हैं। वहीं कांजी हाउस के पास पौधारोपण भी किया गया। उक्त अवसर नगर पंचायत विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, पार्षद अवधेश गोयल, दिनेश साहू, एल्डरमैन रोहित वर्मा, तोप सिंह सचिव ब्लॉक कांग्रेश कमेटी साजा, विप्लव गौरहा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरएल सुधाकर, उप अभियन्ता लोकेश शर्मा, भारत भूषण ठाकुर, केशव राम साहू, चंद्रप्रकाश वर्मा, शुभम टिकरिया, विवेक साहू, राजेन्द निर्मलकर, राजेश यादव, नंद कुमार यादव उपस्तिथ रहे।

प्रदेश मंत्री से भेंट कर दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

बेमेतरा (नव प्रदेश)। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बेमेतरा के महामंत्री योगेश वर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने हर्ष और उल्लास के साथ भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती संध्या परघनिया का जन्मदिवस उनके निवास स्थान पर जाकर भेंट कर मनाया एवं शुभकामनाएं दी। जिसमें प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, युगल देवांगन, संतोष वर्मा, ताकेश्वर सोनी, प्रवीण परघनिया, महेश्वर साहु, नरेश साहू, तोरन सिन्हा, रोहित साहू, ओमप्रकाश साहू, चित्रेन साहू, डोमेशवर साहू, गुलाब साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

मरीजो को नहीं मिल रहा पानी, कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे किसान नेता

बेमेतरा (नव प्रदेश)। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिल पा रही है। आलम यह है कि शौचालय तक का पानी मरीज व उनके परिजनों को बाहर से लाना पड़ रहा है। करीब 23 दिनों से मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद मरम्मत की दिशा में प्रबंधन की ओर से कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उक्त बातें किसान नेता योगेश ने कहते हुए कहा कि गुरुवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को देखा जाएगा। इसके बाद कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान को ज्ञापन सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिसकी मरम्मत अब तक नहीं हो पाने का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल प्रबंधन को मरीजो द्वारा बार-बार अवगत कराए जाने के बावजूद समस्या के निराकरण नहीं किया जा रहा है। किसान नेता ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती कई मरीजों के परिजन ने फोन लगाकर अस्पताल में पानी नहीं आने की जानकारी दी हैं। इसलिए गुरुवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण कर वहां की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा।

लायंस क्लब ने किया डॉक्टर्स एवं सीए का सम्मान

कवर्धा (नव प्रदेश)। डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर आज 1 जुलाई को लायंस क्लब ने डॉ. विनय बिसेन, डॉ. अतुल जैन, डॉ. संगीता जैन, डॉ. सूर्यकांत भारती, डॉ. जयंती भारती एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज जैन तथा राशि नाहटा को उनके चैम्बर में जाकर शुभकामनाएं देते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।ज्ञातव्य है कि डॉ. विनय बिसेन के अस्पताल साईं संजीवनी हॉस्पिटल में लायंस क्लब द्वारा संचालित स्व. लायन जी. एल. बिसेन स्मृति निःशुल्क डायलिसिस सेंटर चल रहा है। इसी तरह डॉ. अतुल जैन एवं डॉ. संगीता जैन ने 20 बिस्तरों वाले निःशुल्क कोविड चिकित्सा केन्द्र के लिए अपना भवन उपलब्ध कराया है। इस केन्द्र में ऑक्सीजन सिलेंडर की सुविधा भी उपलब्ध है तथा यहाँ अभावग्रस्त कोरोना मरीज मुफ्त इलाज करा सकते हैं। डॉ. सूर्यकांत भारती एवं डॉ. जयंती भारती नगर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं एवं समय समय पर अपने अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते हैं। पंकज जैन एवं राशि नाहटा कवर्धा नगर के ख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं एवं वे तथा उनके परिवार के लोग अच्छे समाजसेवी हैं। इस कार्यक्रम में लायन प्रेमचंद जैन श्रीश्रीमाल, नीरज मंजीत छाबड़ा, बीपी गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, आनंदप्रकाश दानी, मनोज कुमार ठाकुर, हरीश गाँधी, पीयूष बोथरा, विशाल जायसवाल, गुरमीत चावला सहित अनेक लायन उपस्थित थे।

बैक से कर्ज लेना बना हत्या का कारण

डोंगरगढ़ (नव प्रदेश)। नगर के अटल आवास में कर्जा पटाने के विवाद पर पति द्वारा पत्नि को मौत के घाट उतार देने का मांमला सामने आया है। पुलिस के मुताबित रेल्वे कालोनी निवासी निर्मला बाई पति स्व. सेवाराम बलेंद्र द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि आकाश रंगारी पिता स्व. किशोर रंगारी उम्र 29 वर्ष द्वारा फोन कर बताया कि लोकेश्वरी रंगारी का सीने में दर्द होने से मृत्यु हो गई। निर्मला जब आकाश के घर पहुच मृतिका के ढके कपडो को हटाकर देखी तो उसके गले में निशान बना हुआ था आकाश रंगारी को निशान के बारे में पुछने पर पत्नि लोकेश्वरी रंगारी फांसी लगा लिया था अकेला उतारू हु तो गिर गया । जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतिका नवविवाहित होने व मृत्यु संदेहास्पद होने पर पुलिस उच्च अधिकारीयों के मार्गदर्शन में प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए व मृतिका नवविवाहित होने से शव का पंचनामा कार्यवाही कर पीएम कराया गया रिपोर्ट में मृतिका को गला दबाने से गले की हड्डी टुटने से मौत होने की पुष्टि की गई ।

20 माह से गायब शिक्षक का जारी हो रहा वेतन, शिक्षा विभाग घेरे में

नव प्रदेश संवाददाता

देवभोग न्यूज़। 20 माह से गायब रहे शिक्षक विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर लगातार वेतन निकालने का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। क्योंकि सरपंच सहित स्कूल प्रबंधन भी स्वीकार रहे हैं। कि उक्त शिक्षक ने स्कूल में जुवानिंग नहीं लिया है। और ना पढ़ाने पहुंचे फिर भी वेतन आहरण हुआ है। मामला ब्लॉक के गोहरापद्र प्राथमिक शाला का है। जहां 3 अक्टूबर 2019 को राजिम आरंद स्कूल से संतोष साहू नामक शिक्षक का स्थानांतरण गोहरापदर प्राथमिक शाला पर किया गया तब से लेकर आज तक उक्त शिक्षक ने स्कूल में ना जुवानिंग लिया और ना कभी दर्शन दिए बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों से सांठगांठ कर हर माह वेतन बनाकर निकाला जा रहा है। जिसकी भनक स्कूल प्रबंधन को तो दूर की बात है। विभागीय कर्मचारियों को तक नहीं लग पाया ।लेकिन जब पंचायत प्रतिनिधियों ने पतासाजी किया तब शिक्षक प्रबंधन पंचायत प्रतिनिधि के साथ पालकों ने दांतो तले उंगली दबा लिया क्योंकि गायब शिक्षक संतोष साहू ने स्कूल में ना जॉइनिंग लिया और ना ऑनलाइन शिक्षक की जानकारी में नाम शामिल है ।सूत्रों की माने तो टीचर संतोष साहू ने एकतरफा विकास खंड शिक्षा कार्यालय में जॉइनिंग लेकर पूरा पूरा महीना गाय ब रहे। और वेतन बनाने के दौरान कभी कबार कार्यालय में घूम कर लौटते ।बावजूद इसके 20 माह का वेतन महीना दर महीना बिना कटौती की पूरी राशि आहरण किया जा रहा है। जबकि स्कूल रजिस्टर से लेकर बोर्ड पर 1 दिन की भी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाया है ।गोहरा पदर के बच्चों तो दूर स्कूल के शिक्षक तक संतोष साहू को नहीं देखने की बात कह रहे। जबकि इस 20 माह के बीच कई बार स्कूल खोला गया मगर एक दिन भी स्कूल नहीं पहुंचे जिसकी प्रमाणिकता ऑनलाइन जानकारी और शिक्षक संकुल समन्वयक भी कर रहे हैं। फिर भी हर माह किस तरह वेतन निकाला गया। यह शिक्षकों के अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के समझ से बाहर है। तभी विभागीय बिल वाउचर तैयार करने वाले कर्मचारी के साथ अफसरों की सांठगांठ होने का आरोप भी लगाया जा रहा है । क्योंकि शिक्षक संतोष साहू ने कभी बच्चों को नहीं पढ़ाया कभी ऑनलाइन रिपोर्ट में नहीं है।

किसानों के फसलों को मिलेगी बीमा सुरक्षा

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिले के किसानों को फसल बीमा के प्रति जागरूक करने तथा फसलों को बीमा सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने कलेक्टोरेट परिसर से दो फसल बीमा रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। भारत की आजादी के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर एक से सात जुलाई 2021 तक फसल बीमा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। फसल बीमा रथ गांव-गांव जाकर किसानों को खरीफ मौसम में लगी चार फसलों का बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित करेगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को बाढ़, सूखा, जलभराव, कीट व्याधि एवं ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए संचालित की जा रही है। रथों की रवानगी के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा, सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी श्री एस. के. जोशी, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक श्री दिनकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर की अपील - कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अपनी फसलों का बीमा कराकर लाभ लेने की अपील की है। कलेक्टर श्रीमती साहू ने बताया कि इस योजना से किसानों को उचित प्रीमियम पर फसलों की सुरक्षा मिलेगी तथा इससे किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसलों के नुकसान की भरपाई हो पाएगी। इस वर्ष जिले के 24 हजार 150 किसानों का फसल बीमा कराने का लक्ष्य - इस वर्ष कोरबा जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 24 हजार 150 किसानों के फसलों का बीमा कराने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों की फसलों का बीमा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

वैक्सीनेशन के लिए भाजयुमो ने लगाया जगह जगह हेल्प डेस्क

नव प्रदेश संवाददाता

बेरला/बेमेतरा। भाजयुमो द्वारा वैक्सीनेशन हेल्प डेस्क का कार्यक्रम जिला अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को भिंभौरी मंडल स्थित भिंभौरी, पिरदा, तेलगा शक्ति केंद्रों में मंडल अध्यक्ष ताकेश्वर सोनी व भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं ने आम जनों से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान परमेश्वर वर्मा ने वैक्सीन के बारे में लोगों को प्रेरित किया कि कोविड-19 महामारी बीमारी से बचने के लिए वैक्सीन लगाना बहुत जरूरी है। प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भोलाशंकर वर्मा ने लोगों को कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए वैक्सीन लगाने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि खुद भी वैक्सीन लगाएं और लोगों को भी बताएं इस समस्या से निपटने के लिए वैक्सीन ही जरूरी है। पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल द्वारा कार्य को संबोधित करते हुए वैक्सीन लगाने के फायदों को बताते हुए कहा कि कोविड-19 के संक्रम फैलने का खतरा नहीं रहता हैं। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ताकेश्वर सोनी द्वारा कार्य को संबोधित करते हुए लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि खुद लगाएं और लोगों को भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। जो वैक्सिन सेंटर तक नहीं पहुंच पा रहा है उनको भाजयुमो कार्यकर्ता द्वारा वैक्सिंग सेंटर तक ला रहे हैं। साथ ही बुजुर्गों एवं युवाओं को वैक्सीन के लिए प्रेरित किया साथ ही उन युवाओं को और दूसरे युवा एवं बुजुर्गों को वैक्सीन सेंटर तक लाने के लिए भाजयुमो कार्यकर्ताओं बतलाए।

डॉक्टर्स डे पर भाजयुमो ने किया डॉक्टरो का सम्मान

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादूर सिंह के नेतृत्व में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों का गुलाब फूल देकर उनका सम्मान किया। साथ ही सभी डॉक्टरों को कोविड काल जैसी विपरीत परिस्थिति में अपनी जान की परवाह किए बिना पीड़ितों की सेवा कर जान बचाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले के सभी मंडलो में भी वहां भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय डॉक्टरों का सम्मान किया गया।

जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम के दौरान मुख्य रुप से जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादूर सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोलु सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्षद्वय गोलु गुप्ता, सुमित भाटिया उपस्थित थे।

बछिया को कुचलने वालों पर कार्यवाही नहीं, युकां के आवेदन का भी असर नहीं

नव प्रदेश संवाददता

बालोद। विगत दिनों बालोद शहर के किंडर गार्डन स्कूल के पास एक सरकारी वाहन से बछिया को कुचल दिया गया था। जिसके कुछ दिन बाद उक्त बछिया की दूसरी जगह पर मौत भी हो गई। जो कि महावीर गौशाला से गायब हो गई थी। इस पूरे मामले में लीपापोती तो पहले से ही चल रही है। पर सवाल यह उठ रहा है कि इस मामले में कार्यवाही के लिए युवा कांग्रेस के द्वारा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया था कि यह गलत हुआ है और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। पर जिसकी सत्ता है उसकी ही यहां कोई सुनवाई नहीं हो रही है तो फिर आम इंसानों की क्या सुनवाई होगी इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। युवा कांग्रेस के आवेदन पर अब तक किसी तरह की कार्रवाई पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं की गई है। जिसके चलते मामले में दोषियों के हौसले बुलंद हैं और अंततः बछिया की विगत दिनों मौत के बाद मामला अब रफा-दफा होता दिख रहा है। लोगों में यह चर्चा भी है युवा कांग्रेस जिसकी कांग्रेस की सरकार है फिर भी उनके द्वारा की गई शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई आखिर पुलिस प्रशासन भी ऐसा क्यों मजबूर है कि मामले में कोई जांच तक नहीं की गई, ना कोई केस बना ना आगे कुछ हुआ। इस केस में पशु क्रूरता अधिनियम व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किए जाने की मांग युवा कांग्रेस के द्वारा की गई थी। युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष विनोद टावरी, साजन पटेल सहित अन्य युवाओं के द्वारा सामूहिक रूप से थाने जाकर ज्ञापन सौंपा गया था। पर आज लगभग 2 हफ्ते बीतने को आ गए कोई सुनवाई नहीं, ना कोई कार्यवाही हो रही है। जिसके चलते लोगों में आक्रोश भी पनपने लगा है तो वही बछिया की मौत के बाद संबंधित अधिकारी भी निश्चित हो गए हैं कि अब हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों ने मार्ग निर्माण हेतु 79.63 करोड़ रुपये

नव प्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। विधायक आशीष छाबड़ा के अथक प्रयासो से बेमेतरा शहर सहित बेमेतरा विधनसभा क्षेत्र को 79.63 करोड़ रुपये के विभिन्न बहुप्रतीक्षित मार्गो के निर्माण को स्वीकृति प्रदान हुई हैं। ये स्वीकृति छत्तीसगढ़ रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्प्रोरेशन लिमिटेड की ओर से किया गया हैं। जिसमे 10 निर्माण कार्य - जिला दुर्ग के विधायक बेमेतरा अन्तर्गत मोहरेंगा-खजरी-बिरोदा मार्ग लंबाई 5.25 कि.मी.पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य लागत राशि 742.78 लाख, जिला बेमेतरा के रचकुड़ी-भीमपुरी-उघरा मार्ग लम्बाई 5 कि.मी.निर्माण कार्य लागत राशि -563.27 लाख, जिला बेमेतरा के सिघौरी मुक्तिधाम से कंतेली लिंक मार्ग लंबाई 3.30 कि.मी. निर्माण कार्य लागत राशि 650.30 लाख, जिला बेमेतरा कर अटल बिहार योजना बेमेतरा पहुँच मार्ग लंबाई 1.62 कि.मी.निर्माण कार्य लागत राशि 296.87 लाख, जिला बेमेतरा के अमोरा से मटका मार्ग लंबाई 4.02 कि.मी. निर्माण कार्य लागत राशि 435.21 लाख, जिला बेमेतरा के बाबामोहतरा से पिपरभठ्ठा मार्ग लम्बाई 1.65 कि.मी. निर्माण कार्य लागत राशि 254.14 लाख, जिला बेमेतरा के संण्डी से सिद्धि माता मंदिर पहुँच मार्ग लंबाई 6.25 कि.मी.का चौड़ीकरण एव मजबूतीकरण कार्य 17 नग पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य लागत राशि 1136.15 लाख, जिला बेमेतरा के ढाबा-कुम्हि-देवसरा-खुड़मुड़ी मार्ग लम्बाई 8 कि.मी का निर्माण कार्य लागत राशि 680.68 लाख, जिला बेमेतरा के सरदा-अतरगढ़ी-बुढाजौग-रांका मार्ग लम्बाई 10.00 कि.मी.उन्नयन एव निर्माण कार्य लागत राशि 2831.98 लाख, जिला बेमेतरा के तेंदुभाठा से मोहतरा मोहतरा मार्ग लम्बाई 3.20 कि.मी. निर्माण कार्य लागत राशि 371.89 लाख की सड़कें कुल 79.63 करोड़ रुपये की बनेगी । ज्ञात हो कि बेमेतरा शहर जहां अटल विहार कालोनी तो पूर्व सरकार द्वारा बसाया गया किंतु कालोनी हेतु सड़क मार्ग नही होने से कालोनी वासियों को वर्षा ऋतु में भारी समस्याओ का सामना करना पड़ता था, जिससे अब छुटकारा मिल सकेगा इसी तरह ग्राम सण्डी में सिद्धि माता मंदिर पहुँच मार्ग का चौड़ीकरण हो जाने से मंदिर आने वाले लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं को सहूलियत मिल सकेगी।

भाजपा सोशल मीडिया और आईटी सेल की जिला कार्यकारिणी घोषित

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदेव साय, प्रदेश महामंत्री संगठन श्री पवन साय, प्रदेश प्रभारी मा. श्री दीपक म्हस्के और भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह की सहमति से सोशल मीडिया जिला संयोजक बसंत नामदेव ने जिला कार्यकारिणी एवं मंडल संयोजकों की घोषणा की ।

सोशल मीडिया जिला संयोजक बसंत नामदेव ने अपने कार्यकारिणी के सहसंयोजक मे योगेश ठाकरे, ट्विटर टोली सह प्रमुख मे कोमल निर्मलकर, ट्विटर टोली सह प्रमुख अंचल गुप्ता, फ़ेसबुक/इंस्टाग्राम टोली प्रमुख भूषण साहू, फ़ेसबुक/इंस्टाग्राम टोली सह प्रमुख मे हिमांशु जैन, व्हाट्सएप्प/टेलीग्राम टोली प्रमुख कृष्णा साहू, व्हाट्सएप्प/टेलीग्राम टोली सह प्रमुख मे भूपेन्द्र वर्मा, व्हाट्सएप्प/टेलीग्राम टोली सह प्रमुख दुर्गेश श्रीवास, कंटेन्ट मेकिंग/संकलन टोली प्रमुख मे गीतेश नारायण, कंटेन्ट मेकिंग/संकलन टोली सह प्रमुख मे जीवन साहू, सोशल मीडिया वालेन्टीयर संपर्क प्रभारी मे जितेंद्र गंधर्व, सोशल मीडिया वालेन्टीयर संपर्क सह प्रभारी मे पुरुषोत्तम साहू, सोशल मीडिया वालेन्टीयर संपर्क सह प्रभारी मे कुलदीप चंद्रवंशी को बनाया गया है तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य मे हरी साहू , दिनेश विश्वकर्मा को बनाया गया है । भाजपा के सभी मोर्चा/ प्रकोष्ठों के जिला सोशल मीडिया प्रभारी एवं सहप्रभारी विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे ।

मानपुर में ली गई नक्सल पीड़ित परिवारों की बैठक

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। पुलिस अधीक्षक महोदय डी. श्रवण के दिशा-निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानपुर जयप्रकाश बढ़ई एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर हरीश पाटिल की उपस्थिति में थाना मानपुर परिसर में मानपुर अनुभाग के नक्सल पीड़ित परिवारों का मीटिंग आयोजित कर उन्हें शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया तथा उनकी समस्याओं को सुना गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बढ़ई के द्वारा नक्सल पीड़ित श्रीमती मानकी बाई घावड़े निवासी ग्राम मुरारपानी थाना कोहका को 5,00,000 रूपये का चेक प्रदान किया गया। नक्सल पीड़ित परिवारों के द्वारा आवास, यात्रा-भत्ता छूट, वृद्धा पेंशन एवं पढ़ने वाले बच्चों के लिए छात्रवृत्ति आदि का मांग किया गया है।

अनदेखी संयंत्र की खदानों में अत्यधिक तीव्र क्षमता का बारूद विस्फोट किया जा रहा

अंबुजा सीमेंट सयंत्र के खदानों में होने वाले विस्फोट से घरों में दरारें

नव प्रदेश संवाददाता

अर्जुनी। ग्राम पौसरी भरसेली रवान के पास अंबुजा सीमेंट संयंत्र की माइस में विस्फोट कर पत्थर तोड़ा जा रहा है। विस्फोट के प्रभाव से गांव के कई मकानों की दीवारों पर दरारें पड़ गई हैं। इससे ग्रामीण काफी परेशान हैं। उनको डर है कि अगर विस्फोट इसी तरह किया जाता रहा तो कहीं हमारा घर गिरन जाए। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके का जायजा लिया गया। दोपहर 2:30 बजे माइंस में दो बड़े विस्फोट हुए, जोरों से आवाज आई, दूर माइंस में धूलका गुबार उड़ते हुए दिखा। विस्फोटक के प्रभाव से हल्का कंपन भी महसूस हुआ। विस्फोट के प्रभाव से ग्राम के मकानों में जगह-जगह से दरारें पड़ चुकी हैं।शिकायत पर ध्यान नहीं अंचल के कुछ अंबुजा सीमेन्ट संयंत्रों द्वारा नियम-कायदों को ताक पर रखकर संयंत्र की खदानों में अत्यधिक तीव्र क्षमता का बारूद विस्फोट किया जा रहा है. जिसके चलते इनके परिधि से लगे ग्रामों के मकानों की दीवारों पर दरारें पड़ने के अलावा विस्फोट के साथ पत्थर भीउड़कर ग्रामीणों के मकानों में गिर रहे हैं.इस संबंध में ग्राम पंचायत पौंसरी के सरपंच,उपसरपंच द्वारा एक आवेदनगत दिवसजिलाधीश को सौंप कर मामले में कार्रवाई की मांग की गयी थी . सौंपे गये आवेदन में उल्लेख है कि अधिकांश समय विस्फोट के दौरान जिम्मेदार अधिकारी वहां उपस्थित नहीं रहते हैं एवं उनके अधिनस्थ कर्मचारियों द्वारा ब्लास्टिंग का कार्य किया जाता है.जिसके चलते कई बार अत्यधिकतीव्र विस्फोट के साथ ही घरों में कम्पन होता है.वहीं कई अवसरों पर खदान के पत्थर उछल कर ग्रामीणों के घरों में गिरते हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले को संज्ञान में लेकर संयंत्र को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग की गयी है. खदानों में प्रावधानों की अनदेखी संयंत्रों की खामियों पर गौर करें तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आते हैं. सामान्य तौर पर संयंत्र प्रबंधन को खदानों की स्वीकृति अथवा लीज प्रदान करने के दौरान निर्धारित गहराई तक खुदाई करने की ही अनुमति प्रदान की जाती है. साथ ही अनिवार्य तौर पर खुदाई किये गये वृहद खदानों को भरकर समतल किये जाने का अनुबंध भी किया जाता है. परंतु इस संयंत्रों द्वारा इस नियम से बचने निर्धारित गहराई से कुछ एक मीटर कम खुदाई कर उसे रिकार्ड में उपयोगी साबित किया जाता है. जो पर्यावरण एवं क्षेत्र की पारिस्थितिकी की दृष्टि से बेहद हानिकारक है. कुछ एक संयंत्रों द्वारा बकायदा गहरा कर छोड़ दिये गये खदानों में अनाधिकृत रूप से और अधिक गहराई से भू-जल का दोहन कर संयंत्रों के पॉवर प्लांट, अन्यमशीनों के शीतलन व कालोनियों के उपयोग हेतु किया जा रहा है.संयंत्रों के द्वारा प्रतिदिन लाखों गैलन जल के दोहन में अंचल की बड़ी आबादी को भीषण जल संकट की ओर धकेल दिया है. व्यर्थ अथवा अनुपयोगी पड़ी खदानों को पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से बंद करने का प्रावधान है. पौसरी निवासी महेश कुमार यदु तीन वर्ष पूर्व सीमेंट संयत्र में सुरक्षागार्ड के रूप में कार्यरत रहे। उन्होंने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व इनके घर के बाजू में विस्फोट के कारण पत्थर आकर गिरा जिसकी शिकायत उन्होंने संयंत्र प्रबंधन से की परतु प्रबंधन ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। विस्फोट के प्रभाव सेगांव के मकानों में दरार पड़ गई है।उच्च अधिकारियों से लगातार शिकायत की जा रही है परंतु अधिकारी इस विषय पर आँख मूदकर बैठे हैं।

इंडस्ट्रियल इलाकों में स्वच्छ पेयजल जरूरी: मुख्यमंत्री

क्रिटिकल एवं सेमी क्रिटिकल विकासखण्डों में नरवा उपचार का कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा: पेयजल में हेवी मेटल की जांच का करें प्रबंध

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के पेयजल समस्या मूलक विकासखण्ड़ों सहित इंडस्ट्रियल और माईनिंग एरिया में लोगों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए सरफेस वाटर सप्लाई स्कीम तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में भू-जल के दोहन से स्थिति जटिल होते जा रही है। माईनिंग एरिया में ब्लास्टिंग के कारण भू-जल में हेवी मेटल की मात्रा बढ़ जाती है, जिसके सेवन से कई प्रकार की गंभीर बीमारियां होने लगी है। मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पेयजल में हेवी मेटल की मात्रा की जांच की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने राज्य में क्रिटिकल ब्लाक के रूप में चिन्हित बालोद जिले के गुरूर और रायपुर जिले के धरसींवा ब्लाक सहित सेमी क्रिटिकल ब्लाक के रूप में चिन्हित बेमेतरा, साजा, नवागढ, बेरला, बालोद, तखतपुर, बिल्हा, राजिम, दुर्ग, धमधा, पाटन, राजनांदगांव, डोंगरगांव, धमतरी, कुरूद, बसना, पिथौरा, मालखरोद, पण्डरिया, कवर्धा, बरमकेला और पुसौर में पेयजल की आपूर्ति के लिए सरफेस वाटर सप्लाई स्कीम तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इन ब्लाकों में भू-जल भरण एवं जल संचयन के लिए नरवा उपचार कार्य प्राथमिकता से कराए जाने की जरूरत है, ताकि सतही जल से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बेहतर तरीके से की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर में खारून नदी से पेयजल की आपूर्ति होती है। खारून नदी में पर्याप्त जल उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए उन्होंने बालोद, धमतरी, दुर्ग, पाटन, अभनपुर इलाके के नालों का उपचार एवं जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण कराए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल विकासखण्डों में सिंचाई के लिए भू-जल के बेतहाशा दोहन से जल स्तर नीचे जा रहा है। खारे पानी की समस्या बढ़ रही है।

इसकी रोकथाम के लिए सतही जल के संचयन और सदुपयोग पर ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने राज्य में पेयजल की आपूर्ति अद्यतन व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने पावर प्वाईट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी कि वर्तमान समय में राज्य में 2,83,653 हैण्ड पम्प, 4097 नलजल योजना क्रियाशील हैं।

जिसमें से 11,160 हैण्ड पम्प एवं 1178 नलजल योजनाएं बीते ढाई सालों में स्थापित की गई है।

उन्होंने बताया कि 3871 ग्राम में वाटर सप्लाई 151 बहुल ग्राम मिनीमाता अमृत धारा योजना के तहत 73,584 घरेलू नल कनेक्शन दिए गए हैं। राज्य के ऐसे इलाके जहां भू-जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है, वहां पेयजल की आपूर्ति के लिए सतही स्त्रोत से पेयजल उपलब्ध कराने वर्तमान में समूह जल प्रदाय योजना एवं नलजल प्रदाय योजनाओं के निर्माण की कार्यवाही की जा रही है।

सचिव श्री परदेशी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 45,48,080 परिवारों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए नल कनेक्शन प्रदाय किए जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिसमें से अब तक 5,66,614 परिवारों को नल कनेक्शन दिया जा चुका है। स्कीम के माध्यम से 8,61,135 परिवारों को नल कनेक्शन दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 22,14,986 परिवरों को निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य है। जल जीवन मिशन के तहत 7279 कार्यों के लिए 3646 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति तथा 1176 कार्यों के लिए 536.75 करोड़ रूपए का कार्यादेश जारी किया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आंगनबाड़ियों, शालाओं, आश्रम शालाओं एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में रनिंग वाटर की व्यवस्था की जा रही है। बैठक में पेयजल परीक्षण के लिए जल प्रयोगशाला तथा पेयजल स्त्रोतों के केमिकल एवं बैक्टिरिओलॉजिकल टेस्ट के बारे में भी जानकारी दी गई।

मोहन मरकाम के 2 साल के सफल अध्यक्षीय कार्यकाल

अस्पताल में फल बांटे और गौठान में किया वृक्षारोपण

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। कांग्रेसियो ने श्री मोहन मरकाम के दो साल के सफल अध्यक्षीय कार्यकाल के अवसर पर अस्पताल में फल बांटे और गौठान में किए वृक्षारोपण।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस श्री मोहन मरकाम के दो साल के सफल अध्यक्षीय कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेसियो ने शास.सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फिंगेश्वर में इलाज के लिए भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया और समीपस्थ ग्राम जामगॉव के गौठान में वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसियो ने श्री मोहन मरकाम के दो साल के सफल कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए,उन्हे शुभकामना संदेश प्रेषित किया और उनके नेतृत्व में आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत की कामना की।

उपरोक्त कार्यक्रमों में गरियाबंद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भावसिंह साहू और उपाध्यक्ष राकेश तिवारी के साथ पूर्व उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बंछोर,जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे,जिला महामंत्री जाकिर खान,गैंदलाल यादव, एल्डरमैन जीतेंद्र ठाकुर,कमलेश यदु, कृष्ण कुमार सिन्हा,नेहरू साहू (भसेरा),पीलू राम, लोकेश सिन्हा, ईश्वर ध्रुव,सेवक निषाद,राधेश्याम, और युवराज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री के मार्गदर्शन में नपा अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने किया डॉक्टरों का सम्मान

डॉक्टर्स डे पर जिले के निजी व शासकीय चिकित्सकों को किया धन्यवाद

जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम

कवर्धा/नवप्रदेश। चिकित्सक दिवस के अवसर पर आज शहर के वीरसावरकर भवन में नगर पालिका की ओर से चिकित्सकों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा विशेष मार्गदर्शन दिया गया और सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं भी उन्होंने प्रेषित की है।

आज कार्यक्रम के उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए नपा अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने कहा कि कवर्धा-वन, परिवहन पर्यावरण एवं आवास मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

उन्होंने बताया कि निजी व शासकीय कुल 60 डॉक्टरों का सम्मान इस अवसर पर किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि समाज में चिकित्सकों का योगदान अतुलनीय है हर समय, हर जगह इनके द्वारा कुशलता पूर्वक अपने कार्यो का निर्वहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय मंत्री जी द्वारा हमेशा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए हर सम्भव योगदान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं, संसाधनों व स्टाफ के लिए निःसन्देह काफी बेहतर सुधार किए गए हैं। उन्होंने कोविड काल में चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने अपने सम्बोधन की शुरुआत में डॉ विपिन चन्द्र रॉय को याद किया। उन्होंने कहा कि अपनी बातें शुरू करने से पहले सर्वप्रथम डॉक्टर्स डे की आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। आज का डे भारत के सर्वोच्च सम्मानों में शुमार भारत रत्न से सम्मानित महान चिकित्सक व पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रह चुके, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी डॉ विधानचंद्र रॉय के जयंती और पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता। उनके कार्यों के सम्बंध में यह कहा जाता है कि वे चिकित्सा को व्यवसाय नही बल्कि सेवा मानते थे, अपने इसी भाव के चलते इंग्लैंड से चिकित्सा की पढ़ाई पुरी करके स्वदेश लौटने के बाद निजी चिकित्सालय से लोगों की सेवाएं करने लगे।

डॉक्टर विषम परिस्थितियों में अपनी सेवाभाव में अडिग: मुन्नालाल देवदास

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। बी.सी.राय की स्मृति में विश्व डॉक्टर्स डे के अवसर पर गरियाबंद जिला साहित्य परिवार के द्वारा आनलाईन काव्य गोष्ठी आयोजन कर पूरे देश में कार्य कर रहे सभी डॉक्टरों के हौंसले को सलाम करते हुए कोरोना काल में जिन्हे अपनी जान गंवानी पड़ी।

ऐसे बलिदानी डॉक्टरों को दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवार वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया गया इस अवसर पर प्रयाग नगरी राजिम के साहित्यकार श्रवण कुमार साहू ने कहा डॉक्टर को भगवान का दुसरा रूप कहा गया हैजो हमें नयी जिंदगी देती हैं जो हमें जीने का सही राह दिखाने का कार्य करते हैं जो गंभीर से गंभीर बिमारियों से हमें बचाकर सुरक्षित करते हैं और उन बिमारियों से लडने में हमारी मदद करती हैं ऐसे डॉक्टरों को मैं दिल से सलाम करता हूं।

छुरा के साहित्यकार एवं शिक्षक रीझे यादव ने कहा आज गांव से लेकर शहर तक जो भी डॉक्टर काम कर रहे हैं वह किसी मसीहा से कम नही जो उनके द्वारा दी जाने वाली जानकारी किसी संजीवनी बूटी से कम नहीं जो घर-घर जाकर लोगों को टीका लगवाने के लिए जागरूक कर रहे हैं अपने परिवार से दूर रहकर हमारे हौसला बढ़ा रहे हैं कोपरा के साहित्यकार राष्ट्रपति से पुरूस्कार से सम्मानित शिक्षक मुन्ना लाल देवदास ने कहा कोरोना के इस भीषण महामारी से निपटने के लिए जिसने अपनी जान की आहूति दे दी ऐसे डॉक्टरों को सत् सत् प्रणाम करता हूं।

दुष्कर्म का रिश्तेदार आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। दुष्कर्म के एक आरोपी को ग्रामीण पुलिस ने रिपोर्ट के 48 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रार्थिया का रिश्तेदार है।पुलिस ने आरोपी प्रह्लाद लहरे अर्जुनी के खिलाफविभिन्न धाराओ के तहत कार्यवाही कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में ग्रामीण थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने बताया की 28 जून को पीड़िता ने थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई की 6 माह पूर्व दिसंबर में मेरा पति काम करने गया था मैं घर पर अकेली थी तो मेरा रिश्ता देवर प्रहलाद लहरें मुझे अकेली पाकर मेरे साथ संबंध बनाओ नहीं तो जान से मार दूंगा कह हर गले को दबाने लगा और जबरदस्ती मेरे साथ दुष्कर्म किया है और बोला कि अगर तुम घटना को किसी को बताओगे तो जान से मार दूंगा जिससे मै डर कर लोक लाज के कारण घटना को किसी को नहीं बताई थी और फिर कल 27 जुन को प्रह्लाद दोपहर 2:00 बजे घर आकर मेरे साथ फिर से संबंध बनाओ नहीं तो जान से मार दूंगा कह कर धमकी दे रहा था की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्रमांक 232/20 धारा 376,506,354(क) भा द वि कायम कर विवेचना में लिया गया है और वरिश्ठ अधिकारियो के मार्ग दर्शन में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

शाला प्रबंधन समिति के पुनर्गठन में शकुंतला ढीढी बनी अध्यक्ष

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पितईबंद में कोरोना महमारी को देखते हुए मास्क एवं सैनिटाइजर का उपयोग करते हुए शासन के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें ग्राम के सरपंच पुनारद बंजारे की उपस्थिति में शकुंतला ढीढी को सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिये मनोनयन किया गया। उसके पश्चात शिक्षाविद के रूप में श्रवण यदु एवं पंचायतप्रतिनिधि के रुप मे पुनारद बंजारे (सरपंच) को मनोनीत किया गया। तत्पश्चात पालक सदस्यों में रामअवतार यदु ,राजेश बंजारे, राकेश बंजारे, ललिता खुटें, कमलेश खुटे, गीता ध्रुव, नरेश कुमार बया, सुझौतीन बंजारे, रेणुका देवांगन, पालक सदस्यों के रूप में हेमीन यादव भूषण यदु का चयन कर मनोनयन किया गया। संस्था के प्रधानपाठक सुनील कुमार पाण्डेय को संयोजक एवं वरिष्ठ शिक्षिका चन्द्रप्रभा सोनवानी को सहसंयोजक के रुप मे चयन किया गया।

नगरी एवं मगरलोड में सौर्य मित्र अक्षय ऊर्जा शॉप खोलने हेतु आवेदन आमंत्रित

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के नगरी और मगरलोड विकासखण्ड के ऐसे दुकानदार, जो सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं, उनसे सौर्य मित्र के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक अभियंता, क्रेडा श्री कमल पुरैना ने बताया कि आवेदन ष्ह्र्द्मस्रड्ड.ष्ट्य.द्बठ्ठ से ऑनलाईन डाउनलोड किया जा सकता है तथा इसकी फीस जीएसटी के साथ 12 हजार 980 रूपए है। उन्होंने बताया कि रायपुर स्थित क्रेडा के प्रधान कार्यालय से सौर्य मित्र अक्षय ऊर्जा शॉप में पंजीकरण के बाद संबंधित इकाई जिले में एक किलोवॉट से कम क्षमता का सौर संयंत्र मार्केट मोड परियोजना के तहत स्थापित किया जा सकेगा। गौरतलब है कि कुरूद विकासखण्ड में ओम सौर ऊर्जा शॉप पहले से ही कार्यरत है तथा धमतरी विकासखण्ड में सौर्य मित्र अक्षय ऊर्जा शॉप खोलने की कार्रवाई की जा रही है।

नवीन सड़कों का प्रस्ताव जल्द तैयार करें: ताम्रध्वज साहू

बरसात के पहले सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश

निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में पूर्ण किया जाए

रायपुर/नवप्रदेश। गृह मंत्री एवं महासमुंद जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि नवा छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए लोगों की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले की सभी नवीन पक्की सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाए। उन्होंने कहा कि जिले की सड़कें पक्की और गड्ढा मुक्त हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। सड़क, पुलिया के मरम्मत का कार्य बरसात के पहले करा लिए जाए। गृहमंत्री साहू आज कलेक्टोरेट महासमुंद में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा में कहा कि निर्माण कार्यो में तेजी लायी जाए, साथ ही गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हो। उन्होंने पुलिस अधिकारियों की बैठक में कहा कि आम नागरिकों को आसानी से पुलिस प्रशासन का सहयोग मिले, इसका ध्यान रखा जाए। पुलिस के प्रति लोगों में और अधिक विश्वास और सम्मान की भावना आए, ऐसे कार्य किए जाए। बैठक में संसदीय सचिव विनोद चन्द्राकर, द्वारिकाधीश यादव, राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह, किस्मतलाल नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, कलेक्टर डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

गाली-गलौच करने के विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़े, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। घर के सामने गाली-गलौच करने के विवाद पर दो पक्षों मारपीट तथा कर एक दूसरे को नुकीले औजार से मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलबाजार गुढ़ियारी में 30 जून को रात 11 बजे घर के सामने गाली-गलौच करने की बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसके चलते एक दूसरे को हाथ-मुक्का एवं नुकीले औजार से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मंगलबाजार गुढ़ियारी निवासी मोतीचंद साहू 25 वर्ष पिता शोभित साहू,यशवंत साहू तथा मातारानी चौक गुढ़ियारी निवासी विवेक लहरे 27 वर्ष पिता डेरहाराम डहरे,हेमन्त लहरे एवं दीपक लहरे के खिलाफ धारा 294,506,323,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया है।

घूमरगुड़ा के लोग गंदगी के बीच रहने को मजबूर

देवभोग न्यूज/नवप्रदेश। देवभोग ब्लॉक के ग्राम पंचायत घुमरगुड़ा पंचायतों में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा लाखों रुपए आवंटित करने के बावजूद भी चौक चौबंद साफ-सफाई सहित विकास कार्य नजर नहीं आता। जबकि साफ सफाई के नाम पर हजारों रुपए आहरण कर लिया जाता है। ऐसे ही ग्राम पंचायत घुमरगुड़ा में देखने को मिल रहा है।

यहां नाली से लेकर मुख्य चौराहा पर गंदगी का अंबार लगा होता है आए दिन पंचायत के जिम्मेदार उक्त मार्ग से आवागमन करते हैं लेकिन साफ-सफाई को लेकर गंभीर नहीं है जिसका प्रमुख कारण कागज पर बनाए कार्य की राशि निकालकर बंदरबांट करने को माना जाता है। तभी नाली से लेकर मुख्य चौराहा स्कूल परिसर सहित अन्य जगहों पर साफसफाई के लिए ग्रामीण तरस जाते हैं।

यहां के कई लोग गंदगी कचरा और अव्यवस्थाओं के बीच गुजर बसर करने को मजबूर है। क्योंकि गली मोहल्ला सहित नलकूप में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लेकिन जिम्मेदार सरपंच सचिव सफाई को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। ग्रामीण को भी समझ नहीं आ रहा है। कि वह कोरोना जैसी महामारी से लड़े या फिर घर घर के बाहर पड़ी गंदगी से होने वाली बीमारियों का मुकाबला करें। क्योंकि अधिकांश ग्रामीण गंदगी के चलते डायरिया मलेरिया बुखार बीमारी का शिकार होते हैं।

जिनका उपचार भी मुश्किल होता है सबसे खास बात तो यह है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफसफाई के नाम पर इस पंचायतों में लाखों रुपया आहरण करने की बात कही जा रही है। फिर भी गंदगी से भरा गली मोहल्ला देख जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा होता है की आखिरकार राशि निकालने के बाद उक्त राशि की किस कार्य में खर्च किया जाता है।

ग्रामीणों की माने तो सरपंच सचिव कोरेना की आड़ लेकर ना बैठक करते है और ना आय वव्य की जानकारी देते है ।सरपंच सचिव आपस में निर्णय लेकर मनमानी तरीके से राशि खर्च करने का आरोप भी लगाया जा रहा है। ग्रामीणो के अनुसार पंचायत में 14 वे.वित मद के तहत लाखो रुपये आंबटन किया गया ताकि गांव में जरूरत के अनुसार साफ सफाई सहित विकास कार्य कराया जाए।

कार्य योजना

महानदी में बने बैराजों से सिंचाई के लिए जलापूर्ति प्लान तैयार करने के निर्देश

बस्तर, चित्रकोट और नारायणपुर क्षेत्र में सिंचाई के लिए इंद्रावती नदी पर लिफ्ट एरिगेशन का प्रोजेक्ट बनाएं : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित जल संसाधन विभाग की बैठक में विभागीय कार्यों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इंद्रावती नदी से पानी लिफ्ट कर बस्तर, चित्रकोट एवं नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई के लिए जलापूर्ति की योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने इसके लिए बस्तर, चित्रकोट एवं नारायणपुर इलाके में इंद्रावती नदी में उपयुक्त स्थलों का चयन कर वहां जल संग्रहण के लिए दो-तीन छोटे बैराज या एनीकट का निर्माण कराए जाने की बात कही, जिससे पानी लिफ्ट कर सिंचाई के लिए किसानों को पानी दिया जा सके। बैठक में महानदी पर बने बैराजों के जल की उपयोगिता को लेकर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने महानदी पर निर्मित बैराजों के जल का उपयोग सिंचाई के

लिए किए जाने हेतु अधिकारियों को लिफ्ट एरिगेशन का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह एवं जल संसाधन श्री सुब्रत साहू, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री अविनाश चम्पावत, सीआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री अनिल राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन श्री सुब्रत साहू ने बताया कि बीते ढ़ाई सालों में जल संसाधन विभाग द्वारा पुरानी सिंचाई जल परियोजनाओं के पुनर्स्थापन, नहर लाईनिंग एवं उपलब्ध जल के व्यवस्थापन से वास्तविक सिंचाई का रकबा 10.90 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 13.55 लाख हेक्टेयर हो गया है। राज्य में निर्मित सिंचाई क्षमता के विरूद्ध खरीफ में 70.88 प्रतिशत तथा रबी में 25.57 प्रतिशत सिंचाई हो रही है, जो कि राष्ट्रीय औसत के लगभग समतुल्य है।

उन्होंने बताया कि राज्य में निर्मित एवं निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं से कुल सृजित सिंचाई क्षमता 21.34 लाख हेक्टेयर है। निर्मित सिंचाई क्षमता और वास्तविक सिंचाई क्षमता के अंतर को कम किए जाने का उत्तरोत्तर प्रयास लगातार किया जा रहा है। यही वजह है कि बीत ढाई सालों में वास्तविक सिंचाई के रकबे में जल संसाधन विभाग की परियोजनाओं के माध्यम से 2.65 लाख हेक्टेयर तथा मनरेगा से निर्मित तालाबों, कुंओं, के अलावा नलकूल और सुजला योजना के माध्यम से लगभग 1.15 लाख हेक्टेयर इस प्रकार कुल 3.80 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा सृजित हुई है।

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान समय में जल संसाधन विभाग के बांधों एवं वृहद जलाशयों में 51.66 प्रतिशत तथा मध्यम परियोजनाओं एवं जलाशयों में 39.95 प्रतिशत जल भराव है। बैठक में बताया गया कि 179 उद्योगों एवं 25 नगरीय निकायों पर जलकर की बकाया राशि 2483.97 करोड़ रूपए है, जिस की वसूली की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में बोधघाट परियोजना, छपराटोला जलाशय, खारंग-अरिहन जल संवर्धन, मोंगरा-मोहड़-खरखरा जल आवर्धन योजना, पैरी-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना सहित अन्य सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में भी चर्चा की गई।